


**जबलपुर**

**सोमवार, 14 अप्रैल 2025**

- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-2
- वर्ष : 19, अंक : 338
- पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**

अधि. 35
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





### संविधान निर्माता की जन्मस्थली महू में एक लाख से ज्यादा आएंगे अनुयायी

# बाबा साहेब के नाम पर मोहन सरकार शुरु करेगी नई योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के समीप महू में संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जन्मस्थली है। यहां हर साल 14 अप्रैल को उनके अनुयायी, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आते हैं। उनके आने का सिलसिला रविवार से शुरू हो गया। इंदौर में भी उनकी प्रतिमा को मेयर पुष्य मित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खुद साफ किया। आंबेडकर जयंती के मौके पर प्रदेश सरकार उनके नाम पर दुग्ध उत्पादन से जुड़ी एक योजना भी शुरू करेगी।

*प्रशासन ने की तैयारी, अनुयायियों के लिए भोजन की व्यवस्था के अलावा टेंट और पेयजल और पंखे, कूलर के इंतजाम भी किए गए*



## मुख्यमंत्री भी जाएंगे महू

प्रशासन का अनुमान है कि 14 अप्रैल सोमवार को महू में आंबेडकर जयंती के लिए एक लाख से ज्यादा अनुयायी आएंगे। उसके हिसाब से तैयारियां कर ली गई हैं। आंबेडकर जयंती का उत्सव रविवार की रात से ही शुरू हो गया। इसे कार्यक्रम को देखने के लिए भी हजारों लोग स्मारक स्थल पर जुटते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार सुबह दिल्ली से इंदौर आएंगे और महू में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने जाएंगे। स्मारक स्थल को भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। इंदौर रेलवे स्टेशन से महू तक बसों का संचालन भी किया जा रहा है।

## 12 अप्रैल से चल रहा तीन दिवसीय आयोजन

*डॉ. आंबेडकर जन्म स्थल मेमोरियल, महू इंदौर के प्रबंध सदस्य एवं मीडिया प्रभारी राजीव कुमार अंभोरे ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। 14 अप्रैल को समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। तीन दिनों तक संविधान, सामाजिक न्याय, दलित अधिकारों और शिक्षा पर आधारित सेमिनार, परिचर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।*

### पीएम मोदी ने सीएम डॉ. यादव की सराहना की

## भारतीय संस्कृति की पहचान विक्रम संवत



ऊर्जावान सीएम के मार्गदर्शन में विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास

**भोपाल।** मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए विक्रमोत्सव की चर्चा पूरे भारत में हो रही है। 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के लाल किला के माधवदास पार्क में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन जारी है। 12 अप्रैल को सीएम डॉ. मोहन यादव, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए. इस लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम डॉ. मोहन यादव की तारीफ की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### विधायक पुत्र द्वारा पुजारी से मारपीट का मामला

## दो वाहन चालकों पर एफआईआर पुलिस बोली- हम 'जांच' कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

- अभी भी एफआईआर में विधायक के बेटे का नाम नहीं

भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष द्वारा वाहनों के काफिले के साथ माता टेकरी पहुंचने और पुजारी से मारपीट और उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने रविवार को एक और एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में विधायक के बेटे का नाम नहीं है। इससे पहले शनिवार को एक वाहन चालक पर एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज के अलावा मोटर व्हीकल सहित बीएनएस की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।



पुलिस ने वाहनों चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, वाहनों पर व्यक्तियों को लटकाने को लेकर केस दर्ज किया गया है। पूरे मामले में एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि घटना में जो आवेदन पुलिस को प्राप्त हुआ है, उसमें पुजारी पर मारपीट को लेकर एफआईआर की जा चुकी है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ उस पर संज्ञान लेकर जांच की जा रही है।

### हनुमान जयंती पर पथराव का मामला

## नौ गिरफ्तार, वीडियो और सीसीटीवी फुटेज जांच कर पहचान में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

- घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग

शहर में हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान पथराव किए जाने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उधर, हिंदू संगठनों ने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर एसपी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। हालांकि, दूसरे दिन रविवार को स्थिति सामान्य रही, बाजार भी खुले। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कर्नलगंज इलाके में एक मस्जिद के पास शनिवार शाम करीब सात बजकर 45 मिनट पर हुई जब दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। इसके बाद अधिकारी स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर ने कहा कि पुलिस



अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि कुछ संवाद की कमी हुई जिसके कारण दोनों समूह आमने-सामने आ गए और फिर पथराव की स्थिति बन गई। उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र में जुलूस निकालने की अनुमति नहीं थी। पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि जुलूस पर पथराव की सूचना शनिवार शाम करीब सात बजकर 45 मिनट पर मिली जब दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। एक स्थानीय पार्षद की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है, जिसमें चार-पांच लोगों को नामजद किया गया है जबकि 15-20 अन्य अज्ञात हैं।


भारत सरकार

# भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

## की 135वीं जयंती पर बाबासाहेब को राष्ट्र श्रद्धा सुमन अर्पित करता है

### डॉ. अम्बेडकर के समावेशी भारत के सपने को मोदी सरकार कर रही साकार

**अवसर**

- ₹44700 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति से लगभग **8.4 करोड़** एससी/एसटी छात्रों को सहायता
- **पीएम मुद्रा योजना** के तहत एससी/एसटी लाभार्थियों को **₹4.6 लाख करोड़** से अधिक का ऋण

**श्रद्धांजलि**

- बाबासाहेब की विरासत को सम्मान देने के लिए पांच पवित्र स्थलों पर **पंचतीर्थ** का विकास:
  - **जन्मभूमि** (महू, मध्य प्रदेश)
  - **शिक्षा भूमि** (लंदन)
  - **दीक्षा भूमि** (नागपुर)
  - **महापरिनिर्वाण भूमि** (दिल्ली)
  - **चैत्य भूमि** (मुंबई)

**सम्मान**

- **पीएम आवास योजना** के तहत, एससी/एसटी लाभार्थियों के लिए बनाए गए लगभग **1.5 करोड़** पक्के घर
- **3.4 करोड़** शौचालयों के निर्माण से स्वच्छता और सम्मान सुनिश्चित
- **उज्ज्वला योजना** के तहत स्वच्छ रसोई गैस से **3 करोड़** से अधिक परिवार सशक्त
- **जल जीवन मिशन** के तहत **3 करोड़** से अधिक पेयजल कनेक्शन
- **आयुष्मान भारत** के तहत प्रति वर्ष **₹5 लाख** तक का मुफ्त इलाज
- एससी/एसटी पर अत्याचार रोकने के लिए **हेल्पलाइन 14566**



cbc 38101/13/0002/2526


**पुष्पांजलि कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं**

दिनांक: 14 अप्रैल 2025 | समय: सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक
स्थान: प्रेरणा स्थल, संसद भवन परिसर

प्रवेश द्वार: पी.एल.बी. गेट, पंडित पंत मार्ग

## खबर संक्षेप

### नायडू ने मोदी को भूमि पूजन का न्योता भेजा




**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती शहर को तैयार करने की परियोजना पर एक बार फिर तेज रफ्तार से काम शुरू हो गया है। सीएम चंद्रबाबू नायडू का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 65,000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला है। परियोजना के भूमि पूजन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता भेजा गया है। कृष्णा नदी के तट पर राजधानी बनेगी।

### प्रमुख नेताओं ने बैसाखी की दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशवासियों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नेताओं ने इसे एकता, समृद्धि और नई शुरुआत का पर्व बताया। राष्ट्रपति ने लिखा कि मैं शुभ अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

### दुष्कर्म और हत्या के आरोपी ने की आत्महत्या



**तलोजा।** महाराष्ट्र के कल्याण में नाबालिग लड़की के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के आरोपी विशाल गवली ने सुबह 3:30 बजे तलोजा जेल में तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तलोजा जेल अधिकारी ने बताया कि विशाल गवली साढ़े 3 माह से तलोजा जेल में बंद था। सुबह करीब साढ़े तीन बजे शौचालय में लटका मिला।

### वॉल्वो बस पहाड़ी से टकराई, 30 घायल



**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर मंडी से पंडोह के बीच चार मिल के पास रविवार तड़के करीब 4:00 बजे दिल्ली से कसोल जा रही एक वोल्वो बस पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गई। बस में लगभग 38 यात्री सवार थे, जिनमें से करीब 30 लोग घायल हुए हैं। शेष यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

## पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में नहीं थम रहा बवाल, आगजनी व मारकाट की घटनाएं बढ़ीं

# मुर्शिदाबाद में फिर भड़की हिंसा, 2-3 राउंड की फायरिंग अफस्पा और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग उठी

### अब तक 150 से अधिक लोग गिरफ्तार, सीएम ममता पर उठ रहे सवाल

**युवक की पीठ पर लगी गोलियां**


एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। हिंसा के दौरान गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसएफ के जवानों पर हमला करने का आरोप लगा है। आरोप लगाया गया कि बीएसएफ की तरफ से 2 से 3 राउंड की गोली चलाई गई है। गोलीबारी में धुलियान इलाके में शमशेर नदाव नाम के युवक को गोली लग गई। उसे इलाज के लिए जंगीपुर उपजिला अस्पताल से मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि उसे पीठ में गोली मारी गई है। युवक का फिलहाल बरहामपुर के मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।, मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़की हिंसा को लेकर रविवार को 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 150 से अधिक हो गई है। यह कदम कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा शनिवार को क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती के आदेश के बाद उठाया गया है।



**भाजपा सांसद महतो का शाह को पत्र**

### हिंदुओं को बनाया जा रहा निशाना, अफस्पा लगाएं



वक्फ कानून के विरोध में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते पश्चिम बंगाल हिंसा की चपेट में है। इस बीच भाजपा सांसद ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर बंगाल के सीमावर्ती जिलों में अफस्पा कानून लागू करने की मांग कर दी है। भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने यह मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों को अफस्पा कानून के तहत अशांत इलाके घोषित कर देना चाहिए क्योंकि इन जिलों में हिंदुओं पर बार-बार हमले हो रहे हैं। महतो ने गृह मंत्री को भेजे पत्र में लिखा कि 'बंगाल के कई जिलों में, खासकर मुर्शिदाबाद में हालात बेहद चिंताजनक हैं।

**'ये है तृणमूल कांग्रेस'**

### पूनावाला बोले, सांसद पठान कत्लेआम के पल का आनंद ले रहे



मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा ने एक बड़ा रूप ले लिया। केंद्रीय बलों की तैनाती हुई। इसी बीच टीएमसी सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान की एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर विवाद खड़ा हो गया है। पठान ने एक पोस्ट में चाय पीते और आराम करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसके बाद उनकी आलोचना शुरू हो गई। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बंगाल जल रहा है। हाई कोर्ट ने खुद कहा है कि वह आंखें बंद नहीं रख सकता। पठान चाय की चुस्की ले रहे। कत्लेआम देख रहे।

**अजय आलोक ने बंगाल सरकार को घेरा**

### ममता सरकार हिंसा रोकने में पूरी तरह से फेल



इस मुद्दे पर भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा कि बंगाल में पलायन शुरू हो चुका है और हिंदुओं पर हमले भी हो रहे हैं। आलोक ने कहा कि बंगाल की हालत बहुत चिंताजनक है। मुझे लगता है कि बंगाल के हिंदू ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठे हुए हैं। पलायन शुरू हो गया है और हिंदुओं पर हमले भी हो रहे हैं।

#### राज्य सरकार आंख मूंदकर घटनाओं को देख रही

आगे कहा, "1947 में जिस तरीके की हिंसा हुई थी, उस तरीके की एक बार फिर से हिंसा हो रही है और वह दिन याद आ रहे हैं। मुर्शिदाबाद और मालदा में भी कुछ वैसे ही हालात हैं। राज्य सरकार आंख मूंदकर इन सारी घटनाओं को देख रही है और इस्लामिक जिहादियों को सरपरस्ती दे रही है, जिससे उनका मनोबल और भी बढ़ रहा है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ममता सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है।"

**बरेलवी की अपील**

### उग्र प्रदर्शन का हिस्सा ना बनें मुस्लिम, नुकसान होगा



मौलाना बरेलवी ने मुसलमानों से अपील की है कि वे उग्र प्रदर्शन का हिस्सा ना बनें और शांति बनाए रखें। उन्होंने जोर देकर बोला है कि ऐसे प्रदर्शनों से नुकसान ज्यादा हो जाता है।

**गृह राज्यमंत्री राय ने कहा**

### तुष्टिकरण के कारण हिंदुओं को अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा



केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने बंगाल में हो रही हिंसक झड़पों को लेकर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हिंदुओं को अपमानित और प्रताड़ति होना पड़ रहा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राय ने कहा कि मुर्शिदाबाद ही नहीं, वहां के अन्य इलाकों में भी आज हिंदुओं को मारा जा रहा है, उनकी हत्या की जा रही है, उनकी प्रतिष्ठा लूटी जा रही है और संपत्ति जलाई जा रही है।

#### राजद और कांग्रेस को भी इसका परिणाम भोगना पड़ेगा

उन्होंने कहा कि बिहार के लोग भी इन घटनाओं को अच्छी तरह से देख रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देने वाला राजद और कांग्रेस को भी इसका परिणाम भोगना पड़ेगा।

**स्थानीय लोगों ने लगाई गुहार**

### आतंक फैलाया जा रहा, राष्ट्रपति शासन लगे

स्थानीय लोगों ने केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की है। लोग पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगा रहे है। लोग केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर हर शुक्रवार को नमाज के बाद आतंक फैलाया जाता है। यहां गुंडागर्दी चलता है, आराजकता चलता है।

**सुवेंदु अधिकारी का गंभीर आरोप**

### करीब 500 हिंदुओं को करना पड़ा पलायन



विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि अभी भी बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग धूलियन, मुर्शिदाबाद से 500 हिंदू, धर्मांध तत्वों के डर से मजबूर होकर नदी पार कर मालदा के बैष्णबनगर के देओनापुर-सोवापुर ग्राम पंचायत स्थित पर लालपुर हाई स्कूल में शरण लेने को विवश हुए।

**कांग्रेस नेता बाजवा के बयान से प्रदेश में मच गया तूफान**

# पंजाब में 50 बम आए, अभी 32 बम फटने के लिए बचे और घर पहुंच गई पुलिस

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बयान से सियासी तूफान मचा है। उन्होंने एक मीडिया चैनल में दावा किया कि पंजाब में 50 बम आए हैं। इनमें से 18 फट चुके हैं और 32 अभी भी बाकी हैं। इसके तुरंत बाद काउंटर इंटेलिजेंस, पंजाब पुलिस की एक टीम विपक्ष के नेता के आवास पर पहुंच गई और उनके पूछताछ की।

**मान बोले- आपका पाकिस्तान से कनेक्शन तो नहीं**

### सूत्रों का खुलासा नहीं करूंगा: बाजवा



बाजवा ने कहा कि मेरे सूत्रों ने मुझे चेतावनी दी है कि पंजाब में कई बम आए हैं। मेरे सूत्र ने मुझे बताया कि मुझे सचेत रहना चाहिए। मैंने पूरा सहयोग किया है और काउंटर इंटेलिजेंस के साथ पूरा सहयोग करूंगा। हमारा काम लोगों को बचाना और पंजाब सरकार की मदद करना है। मैंने एजेंसी को सब बता दिया है।

**मान ने बाजवा पर बोला हमला- बताएं किसने ये बम भेजे?**
पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि अगर बाजवा ने बम होने की जानकारी दी है, तो उनका पाकिस्तान से क्या कनेक्शन है कि वहां के आतंकी सीधे उन्हें फोन करके बता रहे हैं कि उन्होंने कितने बम भेजे हैं? यह जानकारी न तो इंटेलिजेंस के पास है और न ही केंद्र को।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड**

# राष्ट्रपति-पीएम ने श्रद्धांजलि दी, 'स्वतंत्रता' को मिली दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पपीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि मैं जलियांवाला बाग में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करती हूं। उनका बलिदान स्वतंत्रता संग्राम की धारा को और प्रबल बना गया। ऋणी भारतवर्ष सदा उनका स्मरण करता रहेगा। पीएम मोदी ने भी शहीदों को याद करते हुए कहा कि यह हत्याकांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़ा मोड़ था। हम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।




## विंध्यवासिनी देवी की पूजा



**मिर्जापुर।** यहा विंध्याचल धाम में निकशी पूजा उत्सव के अवसर पर भक्त गंगा नदी का पवित्र जल लेकर विंध्यवासिनी देवी की पूजा करने के लिए कतारों में प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**खाटूश्याम जी मंदिर में उमड़ी लाखों की भीड़, पैर रखने की जगह नहीं**

# गर्मी से लाइन में खड़े-खड़े बेहोश होकर गिरे श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶ सीकर

राजस्थान के सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर परिसर में रविवार को लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां आए श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही बेहोश होकर गिर रहे हैं। हनुमान जयंती के बाद रविवार को श्रद्धालुओं की ये भीड़ उमड़ी है। गर्मी में श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है।गर्मी से श्रद्धालुओं का बुरा हाल हो गया। रविवार के चलते मंदिर परिसर में ज्यादा भीड़ हो गई। लाइन में लगे श्रद्धालु गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर जा रहे हैं। जिले के आसपास चार पहिया गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है। सीकर जिले में ट्रैफिक जाम की भी समस्या बन गई है।



> गाड़ियों की लंबी कतारें लगीं सीकर में जाम की समस्या बढ़ी

**यह हिंदुओं का प्रमुख धार्मिक स्थल**

खाटूश्याम जी मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में खाटू गांव में स्थित एक प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल है, जो भगवान श्रीकृष्ण के अवतार खाटू श्याम को समर्पित है। इसे 'हारे का सहारा' और 'लखदातार' के नाम से भी जाना जाता है।

हरिभूमि
जबलपुर
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ – चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### कानपुर में आरएसएस का 5 दिनी आयोजन



**कानपुर।** आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 5 दिवसीय प्रवास पर रविवार शाम को वंदे भारत ट्रेन से कानपुर पहुंचे। संघ प्रमुख 14 अप्रैल को संघ दफ्तर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रांत और क्षेत्र टोली संग भविष्य की योजनाओं पर मंथन करेंगे।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 8 की मौत



**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में मारने वाले श्रमिकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना में सात अन्य लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

### केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री शाह ने कहा- अब सहकारिता को जीवंत करने का अवसर

# सहकारी समितियां टिकट बुकिंग, बिल जमा करेंगी, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी भी चलाएंगी



### प्रदेश के किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है मोदी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मप्र में कृषि, पशुपालन और सहकारिता तीनों क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। हमें इन तीनों का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना के साथ काम करने की जरूरत है। अब सहकारिता को जीवंत करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां अब टिकट बुकिंग, बिल जमा करने, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी चलाने जैसी गतिविधियां भी संचालित करेंगी। इस पर तेजी से काम शुरू हुआ है।

पहले छोटे-मोटे फाइनेंस के कार्य करने वाले पैक्स अब 20 से ज्यादा कार्य कर रहे हैं। पैक्स जल वितरण और सीएससी का कार्य भी करेंगी। 300 से ज्यादा योजनाएं पैक्स के माध्यम से संचालित हो रही हैं।

◆ **शाह राष्ट्रीय** डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एवं मप्र डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) तथा दुग्ध संघों के मध्य अनुबंध (एमओयू) में शामिल हुए



**सहकारी गतिविधियों से होने वाली आय किसानों के खातों में आएगी, मुनाफा किसानों को मिलगा सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारी आंदोलन में आया क्रांतिकारी परिवर्तन**



**केंद्रीय सहकारिता मंत्री प्रबंधन में पारस की तरह : सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री शाह के कुशल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि वे पारस की तरह हैं। उनके पास जो विभाग आ जाए वह सोना हो जाता है। उनकी उपस्थिति में हो रहे अनुबंध से प्रदेश में नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। राज्य सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है।

### बीते साढ़े तीन साल में सहकारिता में बड़े बदलाव

*शाह ने कहा कि राज्यों में पहले कृषि, पशुपालन और सहकारिता को बढ़ाने का कोई विजन नहीं था। किंतु देश के दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 75 साल बाद पहली बार सहकारिता मंत्रालय बनाया। इसके पहले मंत्री होने के नाते हमने बीते साढ़े तीन साल में इस क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए। सहकारिता मंत्रालय ने अपना पहला काम कृषि समितियों के लिए आदर्श बायलॉज बनाकर इन्हें राज्यों को भेजने का किया। आज संपूर्ण भारत ने इस मॉडल बायलॉज को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब आपकी नीयत ठीक हो तो नतीजे भी अनुकूल आते हैं। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज सहकारिता के तहत ढाई एकड़ वाले किसान को भी मान्यता दी है। मप्र में प्रति वर्ष साढ़े 5 करोड़ लीटर की दूध उत्पादन क्षमता है, जो देश का 9 प्रतिशत है। यहां के किसानों को सहकारी डेयरी के साथ जोड़ना है। खुले बाजार में दूध बेचने पर उन्हें सही कीमत नहीं मिल पाती।*

### कुल 9 आईएएस अफसरों के तबादले

# चार कलेक्टर बदले, जनसंपर्क संचालक गुप्ता बने विदिशा कलेक्टर



अंशुल गुप्ता



बसंत कुर्रे



रोशन कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राज्य शासन ने अवकाश के दिन 4 जिलों के कलेक्टरों को हटा दिया। इसमें से दो को अन्यत्र जिलों में कलेक्टर बना दिया गया, जबकि बाकी दो को मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। कुल 9 आईएएस अफसरों के तबादले किए गए। जबकि तीन आईएएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

जनसंपर्क संचालक अंशुल गुप्ता को विदिशा कलेक्टर बनाया है। जबकि विदिशा कलेक्टर रहे रोशनकुमार सिंह को उज्जैन की जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) से जारी आदेश के अनुसार बसंत कुर्रे को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मंत्रालय भेजा गया है। वे काफी समय से वहां से निकलने के लिए प्रयासरत थे। जबकि उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह को भी हटा दिया गया। उन्हे संचालक परियोजना स्वास्थ्य विभाग बनाया गया है। सिंह को करीब एक पखवाड़े से हटाए जाने की चर्चा हो रही थी। अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को भी हटा दिया गया। उन्हें हटाने की मुख्य वजह मुख्यमंत्री की नाराजगी मानी जा रही है। दरअसल, दो दिन पहले प्रधानमंत्री का कार्यक्रम अशोकनगर में हुआ था।

ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर

### एक महिला की मौत, 14 बाराती घायल, इलाज जारी

**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे बारातियों की पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, वहीं 14 लोग घायल हो गए। घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि सेमरिया थाना क्षेत्र के सांव गांव के साकेत परिवार के लोग मऊगंज जिले के देवतालाब में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इस दौरान कोस्टा में जिउला के पास तेज रफ्तार ट्रक से पिकअप की भिड़ंत हो गई, जिससे ट्रक पलट गया। घटना में एक महिला बुट्टू साकेत की मौके पर ही मौत हो गई।





सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत के 41 साल पूरे हुए

# सियाचिन के सपूतों को हिंदुस्तान का सलाम: विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र पर फहराया दिया भारत का विजयी... 'तिरंगा'

- मेघदूत दुनिया का अब तक का सबसे लंबा सैन्य अभियान
- 13 अप्रैल 1984 को शुरू हुआ था ऑपरेशन मेघदूत
- 22 हजार की ऊंचाई पर बर्फ से ढके पहड़ों पर पहुंचे थे जवान
- सियाचीन मतलब आम आदमी का जीना मुश्किल
- सियाचीन में बर्फ की मोटी चादर लगातार खिसकती रहती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल 13 अप्रैल को 'सियाचिन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो 1984 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन मेघदूत' की याद दिलाता है। यह वह दिन है जब भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे ऊंचे और सबसे कठिन युद्धक्षेत्र – सियाचिन ग्लेशियर पर अपने झंडे गाड़े थे। बता दें कि वर्ष 1984 में पाकिस्तान की संभावित सैन्य कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद भारत ने सियाचिन ग्लेशियर पर रणनीतिक स्थानों को सुरक्षित करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया।

### क्यों है सियाचिन इतना खास?

*सियाचिन ग्लेशियर का क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी से सटा हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इलाका है क्योंकि इससे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही यह स्थान लेह से गिलगित आने-जाने वाले रास्तों को भी नियंत्रित करता है, जिससे इसकी सैन्य और रणनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।*

### भारतीय वायुसेना की अतुल्य भूमिका

ऑपरेशन मेघदूत में भारतीय वायुसेना की एक अतुल्य भूमिका रही। वायुसेना ने एएन-12, एएन-32 और आईएल-76 जैसे एयरक्राफ्ट के जरिए सैनिकों और सामान को ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्रों तक पहुंचाया। इसके बाद एमआई-17, एमआई-8, चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों की मदद से सैनिकों को ग्लेशियर की ऊंची चोटियों तक पहुंचाया गया। इतना ही नहीं वायुसेना के हेलिकॉप्टर 1978 से ही सियाचिन में उड़ान भर रहे हैं, और चेतक हेलिकॉप्टर पहला ऐसा भारतीय हेलिकॉप्टर था जो अक्टूबर 1978 में वहां उतरा था।

### भारतीय सैनिकों का बिलाफोंड ला और सियाला दर्रों पर कब्जा

*जिसके बाद 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सैनिकों ने बिलाफोंड ला और सियाला दर्रों पर कब्जा कर लिया और पूरे सियाचिन क्षेत्र पर अपना नियंत्रण ले लिया। यह ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल एम.एल. छिब्बर, लेफ्टिनेंट जनरल पी.एन. हून और मेजर जनरल शिव शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुआ था। इसमें भारतीय सेना और वायुसेना के बीच बेहद मजबूत तालमेल देखने को मिला। इस वर्ष ऑपरेशन मेघदूत की 41वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यह दिन उन वीर सियाचिन योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा की और दुश्मनों की हर कोशिश को नाकाम किया।*

## खबर संक्षेप

### रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें, 20 की मौत



**कीव।** यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई। शहर के कार्यवाहक महापौर और यूक्रेन के महाभियोजक कार्यालय ने यह जानकारी दी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लोग पाम संडे मनाने एकत्र हुए थे, तभी पूर्वाह्न लगभग सवा 10 बजे बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला हुआ। आधिकारिक चैनलों पर प्रसारित घटना की वीडियो में जमीन पर शव पड़े हुए दिख रहे हैं और आसपास मलबा पड़ा हुआ है।

### पाक पुलिस के दल पर हमला, चार की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आबकारी पुलिस के सचल दस्ते पर गोलीबारी की जिसमें एक उपनिरीक्षक समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बंदूकधारियों ने नौशेरा जिले के तारू जब्बा में मुख्य जीटी रोड पर आबकारी पुलिस के सचल दस्ते को निशाना बनाया। गोलीबारी में एक उपनिरीक्षक, दो कांस्टेबल और एक चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

साझेदारी पर केंद्रित टेबल टॉप और कमांड पोस्ट अभ्यास भी किया जाएगा

भारत-अफ्रीकी देशों का संयुक्त अभ्यास शुरू

# समुद्री डकैतों से निपटने और जहाजों की सुरक्षा के दांव-पेच सीखेंगे सैनिक

*एंटी-पायरेसी यानी समुद्र में डकैती-रोधी ऑपरेशनों का अभ्यास करना शामिल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अफ्रीकी देश समुद्री डकैती तथा अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ रविवार से एक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम इंगेजमेंट' (ऐक्यमेय) में शामिल हो रहे हैं। संस्कृत में 'ऐक्यमेय' का अर्थ एकता होता है। यह समुद्री अभ्यास दार-ए-सलाम, तंजानिया में किया जा रहा है। विभिन्न देशों की नौसेनाओं के बीच 13 से 18 अप्रैल तक हो रहे इस अभ्यास में कोमोरस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में सबसे पहले हार्बर चरण है जो रविवार से शुरू हुआ है। आगामी 15 अप्रैल तक इस चरण के दौरान कई सैन्य गतिविधियां योजनाबद्ध हैं। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के सहयोग से सीमैनशिप और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर प्रशिक्षण भी होगा।

इन गतिविधियों में एंटी-पायरेसी यानी समुद्र में डकैती-रोधी ऑपरेशनों का अभ्यास करना शामिल है। सूचना साझेदारी पर केंद्रित टेबल टॉप और कमांड पोस्ट अभ्यास भी किया जाएगा। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के सहयोग से सीमैनशिप और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर प्रशिक्षण भी होगा।

सभी देश एक दूसरे से साझा करेंगे अपने-अपने अनुभव



### आम नागरिक देखेंगे जहाज

*स्थानीय जनता के साथ जुड़ाव के लिए भारतीय नौसैनिक जहाजों को आम नागरिकों के लिए खोला जाएगा। इस बीच, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी तंजानिया पहुंच चुके हैं। उन्होंने वहां भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रक्षा राज्यमंत्री के मुताबिक, यहां उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉ. इमैनुएल नचिंबी से उनकी आत्मीय मुलाकात भी हुई।*

### ये देश हुए शामिल

- कोमोरस
- जिबूती
- एरिट्रिया
- केन्या
- मेडागास्कर
- मॉरीशस
- मोजाम्बिक
- सेशेल्स
- दक्षिण अफ्रीका

### नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यमेय' का उद्घाटन समारोह भी हुआ

इस सैन्य अभ्यास का हिस्सा बनने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस चेन्नई और आईएनएस केसरी भी तंजानिया के दार-ए-सलाम बंदरगाह पर पहुंच चुके हैं। नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यमेय' के उद्घाटन समारोह की सह-मेजबानी इन जहाजों पर तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के साथ की जा रही है। तंजानिया में भारतीय जहाजों का स्वागत किया गया। आईएनएस चेन्नई पर एक भव्य गार्ड ऑफ ऑनर का आयोजन किया गया। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स और भारतीय नौसेना के बैंड द्वारा दोनों देशों के राष्ट्रगान बजाए गए। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी और संयुक्त संचालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### आईएनएस चेन्नई पर भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

हार्बर फेज में उद्घाटन समारोह और एक औपचारिक डेक स्वागत समारोह का आयोजन हुआ जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तंजानिया के रक्षा मंत्री मुख्य अतिथि रहे। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी और संयुक्त संचालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह भारत और अफ्रीकी देशों के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी रेखांकित करता है। भारत और अफ्रीका समुद्री सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देते हैं। समुद्री सुरक्षा के लिए खतरों जैसे समुद्री डकैती, तस्करी सहित अवैध गतिविधियों, अनियमित और अप्रतिबंधित मछली पकड़ने से निपटने में सूचना और निगरानी साझा करने के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए इन देशों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

दोनों देशों के बीच रिश्तों पर बोले

# भारत और यूएई के पास है दूरदृष्टि वाला नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सांसद अली राशिद अल नूमी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास दूरदृष्टि वाला नेतृत्व है। सांसद नूमी ने यह बात दुबई में चल रहे वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन में कही। रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति अध्यक्ष नूमी ने शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अलगाव कभी समाधान नहीं रहा है।



दोनों देशों को दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे पास दूरदृष्टि वाला सही नेतृत्व है, जो चुनौतियों को समझता है और अवसरों को देख सकता है।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना और इस अवसर का लाभ उठाना बहुत महत्वपूर्ण है। सांसद नूमी ने आगे कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हम जिस पुरानी व्यवस्था को जानते थे, वह अब खत्म हो चुकी है।

### गांधी के मूल्यों को अपनाएं

मॉरीशस की पूर्व राष्ट्रपति अमीना गुरीब-फकीम ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया गया है, जब असमानताओं से निपटने की तत्काल आवश्यकता है। अनिश्चितता के इस दौर में 'समृद्ध' और 'वंचित' के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। मेरे लिहाज से असमानता सबसे खराब मुद्दा है, जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। अमीना ने कहा कि न्याय, शांति और प्रेम कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही मानवीय चेतना में शामिल कर दिया था। उन्होंने कहा, हमें बस उन्हें आज की कहानी में वापस लाने की जरूरत है। इसलिए, हमें इस संवाद की आवश्यकता है।

### व्यापार असीमित, संवाद की जरूरत

हम बदलाव के चौराहे पर खड़े हैं। यह सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें बातचीत करने की जरूरत है, क्योंकि अलग चलने से हमें ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हमें जीत का फॉर्मूला अपनाने के लिए एक साथ आना होगा और यह संभव भी है।

33 बीमारियों का बनाया था बहाना

# तहव्वुर राणा को था कैंसर का शक, किडनी भी ठीक नहीं!




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी तहव्वुर राणा किसी भी तरह से भारत नहीं आना चाहता था। उसने हर हथकंडा अपनाया। मगर काम नहीं आया। बस उसे इतना ही हासिल हो सका कि प्रत्यर्पण में भारत को देरी का सामना करना पड़ा। मगर अब तहव्वुर राणा भारतीय एजेंसियों के शिंकजे में है। तहव्वुर राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने की खातिर हर कानूनी दांव पेंच को अपनाया।फरवरी में पीएम मोदी के सामने डोनाल्ड ट्रंप ने राणा को भारत भेजने का एलान किया था। इसके बाद उसने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के सामने भारत न भेजने की अपील की थी। उसने दावा किया था कि वह पाकिस्तान मूल का है। इस वजह से उसे वहां प्रताड़ित किया जा सकता है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने उसकी अपील को खारिज कर दिया।

### राणा की बहानेबाजी नहीं चल पाई

मुकदमे के इंतजार में राणा स्वास्थ्य कारणों से भारत में ही मर सकता है। कैंसर का भी जताया शक, लेकिन बात नहीं बन पाई। वकील ने तर्क दिया कि भारत भेजने पर राणा को यातना झेलनी पड़ेगी, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का मुसलमान है। अपने पत्र में आगे लिखा कि लॉस एजिल्स की जेल में पांच साल की कैद के बाद राणा की सेहत और खराब हो चुकी है। राणा को पार्किंसंस रोग है। उसकी सोचने-समझने की क्षमता भी कम हुई है। इसके अलावा वह बार-बार पेशाब आने और याददाश्त की समस्या से जूझ रहा है। वकील ने कहा कि राणा के मूत्राशय में एक गांठ है। संदेह है कि ये कैंसर हो सकता है।

### पत्र में किया था बीमारियों का जिक्र

*तहव्वुर राणा के वकील जॉन डी क्लाइन ने 21 जनवरी 2025 को अमेरिकी विदेश विभाग को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने प्रत्यर्पण रोकने की कोशिश की। इसके पीछे 33 से अधिक स्वास्थ्य कारणों और भारत में मिलने वाली यातनाओं का हवाला दिया। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी।*

### नाइजीरिया में बम विस्फोट से आठ लोगों की मौत

**मैदुगुरी (बोर्नो)।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर हिस्से में कथित तौर पर इस्लामी चरमपंथियों द्वारा लगाए गए बम की चपेट में एक बस के आ जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार। बोर्नो राज्य पुलिस के प्रवक्ता नाहुम दासो ने एक बयान में कहा कि अशांत बोर्नो राज्य में डम्बोआ-मैदुगुरी राजमार्ग पर बस में छिपाकर रखे गये बम की चपेट में आ गई। नाइजीरिया में बोको हराम समूह के इस्लामी चरमपंथी पश्चिमी शिक्षा का विरोध करन रहे हैं।

रिक्टर स्केल पर 5.5 की तीव्रता

# म्यांमार में फिर भूकंप से कांपी धरती, डर के घरों से भागे लोग



एजेंसी ▶▶ नेपीडा

म्यांमार में रविवार की सुबह-सुबह एक बार फिर से भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिससे दहशत में लोग घर छोड़कर भाग निकले। रविवार की सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मैग्नीट्यूड मापी गई है। बता दें कि हाल ही में यहां आए भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई थी, जिसमें तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, म्यांमार में सुबह 07:54:58 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर गहराई में ही था। फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले म्यांमार में 28 मार्च 2025 को 7.7 तीव्रता का भयानक भूकंप आया था और इस भूकंप ने पूरे देश में भारी तबाही मचाई थी।

बांग्लदेशी कोर्ट ने जारी कर दिया वारंट

# शेख हसीना, रेहाना और बच्चों को तत्काल गिरफ्तार कर लो

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के एक कोर्ट ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया।



स्थानीय मीडिया के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने केबाद यह आदेश पारित किया।

### 53 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र

*एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम के हवाले से बताया कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। अदालती सूत्रों का हवाला से बताया कि एसीसी ने हाल ही में भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में हसीना समेत 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है और सभी फरार हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद शेख हसीना के विरोधियों को एक और मौका मिल गया है। अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन मामले में शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 16 अन्य के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। बता दें कि 13 जनवरी को एसीसी के उपनिदेशक ने शेख हेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पूर्वांचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 कट्ठे का प्लॉट हासिल करने का केस दर्ज करवाया था। बाद में इसमें दो अन्य लोगों के नाम भी जोड़ दिए गए।*

मिडवेस्ट यूनाइटेड स्टेट्स भारत साउथ ईस्ट एशिया और कनाडा की तस्वीर जोड़ी

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की पोस्ट वायरल

# आईएसएस ने जारी की धरती की तश्वीर... अंतरिक्ष से भारत का दिखता है अद्भुत दृश्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब चार दशक पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा जिस तरह से अंतरिक्ष से कहा था कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा।

भले ही उस समय ये बात केवल सुनने को मिली थी लेकिन अब हर एक व्यक्ति इसे आसानी से देख रहा है। अप्रैल 1984 का वो दिन याद कीजिए, जब भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा स्पेस की यात्रा पर गए थे। तब स्पेस से उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से बात की थी। जब इंदिरा ने उनसे पूछा कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है, तो राकेश शर्मा का जवाब था- सारे जहां से अच्छा।

अंतरिक्ष से भारत को देख पाने का ख्वाब हर किसी का भले ही न पूरा हो, लेकिन राकेश शर्मा की ये बात आज भी भारतीयों के मन-मस्तिष्क में बसी हुई है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने अंतरिक्ष से कुछ तस्वीरें जारी की हैं। इसमें भारत की भी तस्वीर है।

नजारा ऐसा मानो तारों की चादर के नीचे कोई चमकदार हीरे बिछे हों

### अब वायुमंडल की दिखी चमक

दरअसल, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया, जिसका कैप्शन था- 'जब आप ऊपर तारे, नीचे शहर की रोशनी और पृथ्वी के क्षितिज पर छाई वायुमंडलीय चमक देख सकते हैं।' इसके साथ आईएसएस ने चार तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में मिडवेस्ट यूनाइटेड स्टेट्स, भारत, साउथ ईस्ट एशिया और कनाडा की तस्वीर है। इसमें भारत की तस्वीर देख राकेश शर्मा की तरह आप भी कह उठेंगे कि अंतरिक्ष से भारत सारे जहां से अच्छा दिखता है। इस तस्वीर में अंतरिक्ष के अंधेरे में भारत के शहरों से आ रही रोशनी किसी चमकते हीरे जैसी दिखलाई पड़ती है। भारत के विशाल क्षेत्रफल और घनी आबादी का आभास होता है। तस्वीर को देखकर कई यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है।






भारत के संविधान निर्माता
भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर
की 135वीं जयंती पर सादर नमन
उद्यमिता की शक्ति लाएगी समृद्धि
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
कामधेनु योजना
25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए
₹42 लाख तक ऋण सहायता
पात्रता - 3.50 एकड़ कृषि भूमि एवं डेयरी फार्मिंग में प्रशिक्षण
सब्सिडी 25% से 33%
पहले आएं, पहले पाएं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें
• मुख्यमंत्री उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत- पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन, डेयरी किसानों की आय में वृद्धि और डेयरी क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसरों का होगा निर्माण।
• उन्नत नस्लों से बढ़ेगी आय - भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधारने के कार्यक्रम।
• मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम - किसान आधुनिक डेयरी तकनीक और बाजार से जुड़ेंगे।
• उत्कृष्टता को सम्मान - प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौवंशीय और उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम।
• एक हितग्राही को अधिकतम आठ इकाइयां लगाने की पात्रता होगी।
प्रदेश में गौ-पालकों और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए "डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना" शुरू की जा रही है। गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। हमने यह वर्ष गौ-माता की सेवा को समर्पित किया है।
प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 के तहत पंजीकृत गौ-शालाओं के गौ-वंश हेतु अनुदान अब ₹20 से बढ़कर ₹40 प्रति गौवंश प्रति दिवस मिलेगा। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिलें, इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं।
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभ्यारण्य के रूप में सागर जिले में 258.64 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश का 25वां अभ्यारण्य घोषित।
वन्य जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम निर्णय।
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11011/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## खबर संक्षेप

### कम आवक से मूंगफली सरसों तेल के भाव सुधरे



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। वहीं मंडियों में किसानों की ओर से आवक कम लाने के कारण सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार के साथ बंद हुए।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर रही पूंजीकरण में सबसे आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 84,559.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 207.43 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.9 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### जीएसटीआर-3बी फॉर्म में अप्रैल से फेरबदल नहीं




**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि अप्रैल, 2025 से जीएसटी करदाताओं को मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में अपंजीकृत व्यक्तियों और छोटे करदाताओं (कंपोजिशन योजना के अंतर्गत आने वाले करदाता) को की गई अंतर-राज्यीय आपूर्तियां दिखाने वाली तालिका में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### अजमेरा रियल्टी की बिक्री में 13 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी अजमेरा रियल्टी एंड इन्फ्रा इंडिया लिमिटेड की बिक्री बुकिंग जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 250 करोड़ रुपये रही। हालांकि पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में यह छह प्रतिशत बढ़कर 1,080 करोड़ रुपये रही।

# अप्रैल में बारिश और कीमतों में वृद्धि से एसी की बिक्री पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- दक्षिण, उत्तर व पूर्वी क्षेत्रों में बारिश ने एसी के बिक्री की गति धीमी की

दक्षिण भारत में रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों के कुछ भागों में मध्यम वर्षा के साथ हाल ही में आए तूफान ने अप्रैल में घर में इस्तेमाल होने वाले रूम एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री की गति धीमी कर दी है।

हालांकि, उद्योग को इस साल अब भी इस खंड में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि हाल के मौसम पूर्वानुमानों में तीव्र गर्मी का संकेत दिया गया है। ब्लू स्टार, सैमसंग और हायर जैसी एसी कंपनियां भी अप्रैल से कीमतों में पांच प्रतिशत तक वृद्धि करने जा रही हैं।

## एसी कंपनियां अप्रैल से पांच फीसदी की वृद्धि करने जा रही

### अभी भी चीन से कंप्रेसर का आयात

यह मूल्यवृद्धि व्यापक आर्थिक अस्थिरता के बीच मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के प्रभाव को कम करने के लिए है। इसके अलावा, रूम एसी उद्योग अभी भी मुख्य रूप से चीन से कंप्रेसर, पीसीबी और पंखा मोटर जैसे महत्वपूर्ण कलपुर्जों के आयात पर निर्भर है, और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा शुरू किए गए शुल्क गतिरोध को लेकर चिंतित है।



### अब लोग ठंडा करने की क्षमता पर दे रहे ध्यान

हायर इंडिया के अध्यक्ष एन सतीश ने कहा, 'अब लोग टन भार के बजाय ठंडा करने की क्षमता पर ध्यान देने लगे हैं।' सतीश ने बताया कि हायर इंडिया 15 अप्रैल से रूम एसी की कीमत में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है। उन्होंने कहा, यह कुल वृद्धि कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी और मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव के प्रभाव के कारण है।

*ब्लू स्टार कीमतें बढ़ाने वाली पहली कंपनी : 'कच्चे माल और विनिमय दर के कारण हम पहले ही कीमतों में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। हम ऐसा करने वाली पहली कंपनी हैं।' तांबा, इस्पात, एल्युमीनियम और रेफ्रिजरेंट गैस जैसे कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही हैं। डॉलर बनाम रुपये की विनिमय दर भी अस्थिर रही है।*

### बाजार का करीब 23 फीसदी व्यापार दक्षिण क्षेत्र से

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि अब तक रूम एसी की बिक्री पर मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिला है। नंदी ने कहा, अगर आप दक्षिणी बाजार को देखें तो बीच-बीच में बारिश हो रही है। हालांकि, उत्तर, पश्चिम और पूर्व में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाजार का करीब 23 प्रतिशत हिस्सा दक्षिणी क्षेत्र है, जो अभी तक गर्म नहीं हुआ है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों ने कहा

# निवेशकों के लिए भारत में काफी अवसर वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- भारत मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक बाजार
- निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने की जरूरत नहीं
- निवेशक अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहे

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक और काफी अवसरों वाला मजबूत बाजार है तथा निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने के बजाय अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत है।

इसके साथ निवेशक निवेश राशि को एक जगह लगाने के बजाय बांड, सोने, सावधि जमा समेत अन्य क्षेत्रों पर लगाने पर गौर कर सकते हैं। अमेरिका के शुल्क लगाने की घोषणा के बाद हाल में शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के साथ म्यूचुअल फंड में विशेषकर इक्विटी से जुड़े रिटर्न पर भी असर पड़ा है। वहीं सोने के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से निवेशक इसमें नये निवेश से बच रहे हैं।

### बांड, सोना और शेयरों में एसआईपी अच्छे उपाय

इन परिस्थितियों में निवेशकों के पास निवेश के विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख (निवेश उत्पाद) अमर रानू ने कहा, उथल-पुथल से भरी दुनिया में, भारत एक ऐसा बाजार है, जो स्थिर और अवसरों से भरा है। मौजूदा हालात में चुनिंदा बॉन्ड में निवेश, सुरक्षा के लिए सोने और शेयरों में एसआईपी सबसे अच्छे उपाय हो सकते हैं।



*भारत निवेश के लिए आकर्षक स्थल बना :* यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लि. के इक्विटी प्रमुख संजय बेम्बालकर ने कहा, 'हमारा मानना है कि वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था के नजरिये से भारत आकर्षक स्थल बना हुआ है। अनिश्चितता से भरे मौजूदा माहौल में हमारा सुझाव है कि निवेशकों को धैर्य रखना चाहिए और लंबी अवधि के निवेश नजरिये को अपनाने के साथ एसआईपी/एसटीपी (सिस्टेमैटिक ट्रांसफर प्लान) को जारी रखना चाहिए।

### एक ही जगह पैसा लगाने से बचे

विनित ने कहा, 'ऐसी स्थिति में निवेशकों के लिए सबसे बेहतर विकल्प एक विविध रणनीति है जो जोखिम और लाभ को संतुलित करे। चुनिंदा कम अवधि के बॉन्ड, अच्छी कंपनियों के शेयर और महंगाई से निपटने में मददगार सोने जैसी परिसंपत्तियों में पूंजी लगाने से इस दौर से मजबूती से निपटने में मदद मिल सकती है। एक ही जगह पैसा लगाने से बचना और अल्पकालिक रुख के हिसाब से निर्णय नहीं करना, सबसे जरूरी है।'

### वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा

वित्तीय सेवा कंपनी वेंचुरा के शोध प्रमुख विनित बोलिंजकर ने कहा, "वैश्विक स्तर पर तनाव, वृहद आर्थिक बदलाव और पूंजी प्रवाह में अस्थिरता के कारण उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के मौजूदा माहौल में वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है। इसका असर सिर्फ शेयर बाजार पर ही नहीं, बल्कि म्यूचुअल फंड के रिटर्न पर भी पड़ा है....।"

### नकदी प्रवाह वाली कंपनियों में पैसा लगाए

बोलिंजकर ने कहा, "जो लोग इक्विटी में निवेश करते हैं या इन स्तर पर निवेश करने विचार कर रहे हैं, उनके लिए मेरी सलाह स्पष्ट है कि बुनियादी बातों पर ध्यान दें। यह उच्च-बीटा ट्रेड या सट्टे वाले क्षेत्रों के लिए समय नहीं है। इसके बजाय, वे ऐसी कंपनियों में पैसा लगाये हैं, जहां लगातार नकदी प्रवाह है, कर्ज प्रबंधन लायक है और कीमत निर्धारण के लिहाज से स्थिति मजबूत है।"

### आपात समय के लिए नकदी रखें

बोलिंजकर ने कहा, "यदि आप म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश कर रहे हैं तो अपने एसआईपी जारी रखें। वास्तव में, यह अस्थिरता रुपया-लागत औसत को बेहतर करने का एक अच्छा अवसर है। लेकिन यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी वित्तीय बुनियाद सुरक्षित है। इसके लिए आपात समय के लिए नकदी रखें और अत्यधिक कर्ज से बचें।"

# बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- साइबर धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी
- अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद होता है

फर्जी खातों के जरिये साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा है। उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है।

बैंक आंतरिक कारणों के आधार पर खातों को जब्त करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है।

भारतीय बैंक संघ के एक कार्यसमूह ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "इसके मद्देनजर, हम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सुझाव दे सकते हैं कि वह आगे इस पर विचार करे। धोखेबाज बैंकिंग प्रणाली के जरिये अवैध रूप से धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खातों का उपयोग करते हैं। बैंक हर साल ऐसे हजारों खातों को जब्त करते हैं, लेकिन धोखेबाज प्रणाली में खामियों का फायदा उठाकर जल्दी से नए खाते बना लेते हैं। बैंकों ने स्थायी खाता संख्या या पैन की अनुपस्थिति में मतदाता पहचान पत्र और फॉर्म 60 का उपयोग करके खाते खोलने वाले व्यक्तियों को सत्यापित करने के लिए चुनाव आयोग के आंकड़ों का उपयोग करने और ऐसे खातों पर लेनदेन की संख्या को सीमित करने का प्रस्ताव दिया है।

### एआई को निगरानी प्रणाली से जोड़ा जा सकता है

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) को लेनदेन निगरानी प्रणालियों से जोड़ा जा सकता है। कार्यसमूह ने कहा कि प्रौद्योगिकी में निवेश, कर्मचारियों के प्रशिक्षण और हितधारकों के बीच सहयोग से वित्तीय क्षेत्र अधिक सुरक्षित बन सकेगा।

## एक-तिहाई डिजिटल भुगतान हुआ क्रेडिट कार्ड के जरिए

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 में सभी घरेलू डिजिटल भुगतान लेनदेन में से करीब एक-तिहाई लेनदेन क्रेडिट कार्ड या ब्याज वाली मासिक किस्तों के जरिये किए गए थे। एक रिपोर्ट में यह आंकड़ा दिया गया है। डिजिटल भुगतान में यूपीआई एक परिवर्तनकारी उत्पाद बनकर उभरा है और कुल लेनदेन में इसकी हिस्सेदारी 65 प्रतिशत हो चुकी है। रिपोर्ट कहती है कि छोटे और मध्यम मूल्य वाले लेनदेन पर यूपीआई हावी है जबकि क्रेडिट कार्ड और ईएमआई (समान मासिक किस्त) का उपयोग बड़ी खरीदारी के लिए तेजी से किया जा रहा है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- अमेरिकी -चीन शुल्क युद्ध के घटनाक्रम भी डालेंगे प्रभाव
- विदेशी निवेशकों की चाल का भी पड़ेगा बाजार पर असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में अमेरिकी-चीन शुल्क युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों विप्रो और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी इस सप्ताह बाजार की चाल तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। 'डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर' जयंती के कारण सोमवार को और 'गुड फ्राइडे' के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, "यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज हो गया है और दोनों देश एक-दूसरे पर शुल्क-पर-शुल्क लगा रहे हैं। इससे बाजारों में उथल-पुथल मची हुई है।



*सोमवार व शुक्रवार को बंद रहेगा बाजार : रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजार अमेरिका-चीन शुल्क मोर्चे पर आगे के घटनाक्रमों से प्रभावित होगा। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, कंपनियों के तिमाही नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी।*

# हीरो मोटोकॉर्प दोपहिया वाहन बाजार में शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा है। कंपनी ने इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बावजूद इस दौरान 54 लाख से अधिक गाड़ियों की बिक्री की है। वाहन डीलर संघों के महासंघ के हालिया आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) 47,89,283 वाहनों की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। फाडा के अनुसार, हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले वित्त वर्ष में कुल 54,45,251 वाहन बेचे, और उसकी बाजार हिस्सेदारी 28.84 प्रतिशत रही। वहीं, जापानी दोपहिया वाहन विनिर्माता एचएमएसआई की बाजार हिस्सेदारी 25.37 प्रतिशत रही। टीवीएस मोटर कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 33,01,781 गाड़ियों की बिक्री के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर/14/अप्रैल 25)

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधीपक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418 (रायपुर/15/अप्रैल 25)

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

# भारत को दीर्घावधि में मुक्त व्यापार से लाभ : मर्सिडीज

- कंपनी के सीईओ संतोष अय्यर का मानना
- शुल्क युद्ध थोडे समय के लिए झटका देगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर का मानना है कि मौजूदा शुल्क युद्ध बेहतर व्यापार और अड़चनों को कम करने करने के अवसर भी प्रदान करता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शुल्क युद्ध थोड़े समय के लिए झटका देगा, लेकिन यह अवसर भी पैदा करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत का वाहन क्षेत्र अमेरिकी प्रशासन के शुल्क युद्ध से सीधे प्रभावित नहीं है। अय्यर ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति, मुद्रा में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति श्रृंखला संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक स्तर पर अत्यधिक अस्थिर परिदृश्य के बावजूद लक्जरी खंड में उपभोक्ता धारणा अब भी सकारात्मक है। अय्यर ने शुल्क युद्ध के कुल प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कहा, "पहली बार हम अपनी सीमाओं को खोलने की बात कर रहे हैं। दोतरफा व्यापार को खोलने की बात कर रहे हैं। हम हमेशा से अधिक मुक्त और उचित व्यापार नीतियों का समर्थन करते रहे हैं।


# चीन की अपेक्षा अमेरिका को भारत से भेजे जाने वाले स्मार्टफोन सस्ते होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग निकाय आईसीईए ने रविवार को कहा कि अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई छूट के बाद भारत से अमेरिका को आईफोन, स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप का निर्यात चीन से भेजे जाने वाले सामानों की तुलना में 20 प्रतिशत सस्ता हो जाएगा। अमेरिका ने शनिवार को अपने शुल्क आदेश में संशोधन करते हुए स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप और कुछ अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नए करों से छूट दी थी।आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा, चीन पर अभी भी आईफोन, लैपटॉप, टैबलेट और घड़ियों के लिए 20 प्रतिशत कर है। चीन के लिए केवल जवाबी शुल्क हटाया गया है। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सभी आईफोन, स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट पर शून्य शुल्क है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5836



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5835 का हल



## सूडोकु नवताल - 5846

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5845 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |




# राठी से पंत तक... अब तक सात खिलाड़ियों पर लग चुका है भारी जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वां सीजन में अब तक 7 खिलाड़ियों पर जुर्माना लग चुका है। कुछ खिलाड़ियों पर उनके व्यवहार के कारण जुर्माना लगा है। कुछ कप्तानों की जेब स्लो ओवर रेट के कारण कटी है। आईपीएल 2025 में जिन खिलाड़ियों की जेब कटी है उनमें ऋषभ पंत और इशांत शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा दिग्वेश राठी की जेब विकेट लेने के बाद सेलीब्रेशन के लिए कट चुकी है।

### संजू सैमसन

आईपीएल 2025 के मैच नंबर 23 के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ ओवर रेट नियम का उल्लंघन करने के लिए राजस्थान रॉयल्स पर फिर गाज गिरी। इसके कारण कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि बाकी टीम पर 6 लाख रुपए (या उनकी मैच फीस का 25%) का जुर्माना लगाया गया।

### ऋषभ पंत

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना भुगतना पड़ा। इस तरह पहली बार उल्लंघन करने पर उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### दिग्वेश राठी : मैच नंबर 13,16 और 19



लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीजन डेब्यू करने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने बल्लेबाज को आउट करने के बाद अपने 'नोटबुक सेलिब्रेशन' किया है। राठी को इसके लिए तीन बार फाइन किया जा चुका है। एक अप्रैल को प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एक डिमेरिट अंक मिला। इसके बाद मुंबई इंडियंस के नमन धीर को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए पर 50 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया। अपने आदर्श सुनील नरेन का विकेट लेने के बाद राठी को 3 डिमेरिट अंक मिला। अब उन पर एक मैच का निलंबन लगने की संभावना है।

### रियान पराग

संजू सैमसन के कप्तानी के लिए उपलब्ध न होने पर रियान पराग ने पहले तीन मैचों में राजस्थान रॉयल्स टीम का नेतृत्व किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे करने में विफल रही। पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह टीम की पहली गलती थी।

### हार्दिक पांड्या

*मुंबई इंडियंस ने 29 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ स्लो ओवर रेट से गेंदबाजी की। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।*

### रजत पाटीदार

*सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच हुए हाई-वोल्टेज मुकाबले के दौरान रजत पाटीदार की टीम पर पहली बार स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया।*

### इशांत शर्मा

*आईपीएल के 18वें संस्करण में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे इस अनुभवी खिलाड़ी पर मैच नंबर 20 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्चिकल 2.2 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया।*

खास खबर

## पांड्या ने निभाया अपना वादा काश्वी को भेंट किया बल्ला



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने काश्वी गौतम से किया वादा निभाया और उन्हें बल्ला गिफ्ट किया। काश्वी ने महिला प्रीमियर लीग के दौरान इस ऑलराउंडर से बल्ला मांगा था और अब हार्दिक ने अपना वादा निभाया। काश्वी डब्लूपीएल में गुजरात जाएंट्स के लिए खेलती हैं और उन्हें इस साल होने वाले महिला विश्व कप से पहले भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

पांड्या डब्लूपीएल सीजन के दौरान गुजरात का मैच देखने गए थे जहां वह काश्वी से मिले थे। बैठक के दौरान काश्वी के टीम के साथियों ने पांड्या को बताया था कि काश्वी उनकी बड़ी प्रशंसक हैं और उन्होंने अपने बल्ले पर एचपी33 लिखाया हुआ है। पांड्या इस बात से काफी खुश हुए थे और उन्होंने काश्वी से वादा किया था कि वह अपना एक बल्ला उन्हें देंगे। पांड्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले अपने इस वादे को निभाया।

## स्टूडियो में बैठना आसान पहले अपना रिकॉर्ड देखें



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने आईपीएल 2025 के दौरान कमेंटेटर्स पर अपनी भड़ास निकाली है। वह आईपीएल में गेंदबाजों की लगातार आलोचना करने की वजह से कमेंटेटर्स पर भड़क उठे हैं। शार्दुल मौजूदा सीजन में 6 मैचों में 11 विकेट चटका चुके हैं। शार्दुल ने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो विकेट झटके। मैच के बाद शार्दुल ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा कि एक बॉलिंग यूनिट के तौर पर हमने पूरे सीजन में अच्छी गेंदबाजी की है। कमेंट्री में कई बार आलोचना होती है। वे गेंदबाजों की कड़ी आलोचना करते हैं। लेकिन आपको यह समझना होगा कि क्रिकेट एक निश्चित दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां 200 प्लस स्कोर आम होता जा रहा है। और जैसा कि आपने कहा, आलोचना हमेशा होगी- खासकर कमेंटेटरों की तरफ से। स्टूडियो में बैठकर किसी की गेंदबाजी पर कमेंट करना आसान है लेकिन वे मैदान पर रियल पिक्चर नहीं देखते। मेरा मानना है कि किसी की आलोचना करने से पहले उन्हें अपने आंकड़े देखने चाहिए।'

### मार्टेंस ने बनाया तैराकी का विश्व रिकॉर्ड



**स्टॉकहोम।** ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने 'स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
349 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : नौ विकेट की जीत से तीसरे स्थान पर आरसीबी

# कोहली 100 फिफ्टी पूरे करने वाले पहले भारतीय, बेंगलुरु ने राजस्थान को रौंदा

एजेंसी ▶▶| जयपुर

फिल सॉल्ट और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंद दिया।

सॉल्ट और कोहली के बीच पहले विकेट की 92 रन की तेजतर्रार साझेदारी से आरसीबी ने 174 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली टी20 में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाए। जायसवाल ने रियान पराग के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। ध्रुव जुरेल ने अंत में 23 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को चुनौतपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।



**सर्वाधिक 50+ स्कोरर**

| बल्लेबाज | 50+ स्कोर |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 108 |
| विराट कोहली | 100* |
| बाबर आजम | 90 |
| क्रिस गेल | 88 |
| जोस बटलर | 86 |

### हरी जर्सी पहनकर उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के खिलाड़ी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में रेड जर्सी की जगह ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे। खास बात ये है कि यह हरी जर्सी स्टेडियम में मिले कचरे से बनाई गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हर आईपीएल सीजन में एक मुकाबला ग्रीन जर्सी पहनकर खेलती है। दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरती है। आरसीबी साल 2011 से ही अपने 'गो ग्रीन' इनिशिएटिव के तहत ऐसा करती आ रही है।

### कोहली ने की वॉर्नर की बराबरी

टी20 में सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम इस प्रारूप में कुल 108 अर्धशतक दर्ज हैं। वहीं, दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट ने अपना 100वां अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्लब की बराबरी कर ली। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस सत्र में यह कोहली से बल्ले से आया तीसरा पचासा है। उन्होंने अबतक खेले छह मैचों में 248 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो हेजलवुड | 75 | 47 | 10 | 2 |
| सैमसन स्टं जितेश बो कृणाल | 15 | 19 | 1 | 0 |
| पराग का कोहली बो यश | 30 | 2 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 35 | 23 | 2 | 2 |
| हेटमायर का देवदत्त बो भुवनेश्वर | 09 | 08 | 1 | 0 |
| नितीश राणा नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 173/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-32-1, यश 4-0-36-1, हेजलवुड 3-0-26-1, कृणाल 4-0-29-1, लिविंगस्टोन 1-0-8-0, सुयश 4-0-39-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जायसवाल बो कार्तिकेय | 65 | 33 | 5 | 6 |
| विराट कोहली नाबाद | 62 | 45 | 4 | 2 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 40 | 28 | 5 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 17.3 ओवर में 175/1
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-36-0, देशपांडे 2-0-21-0, संदीप 2.3-0-29-0, तीक्षणा 2-0-21-0, कार्तिकेय 3-0-25-1, हसरंगा 3-0-33-0, पराग 1-0-10-0.

### खबर संक्षेप



#### 300 टी20 मैच खेलने वाले पहले पेसर बने भुवनेश्वर

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को मुकाबले के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में 6 विकेट चटकाए हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उन्होंने 316 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 291 टी20 मैच खेले हैं और जारी सीजन में अगर वह सभी मैच खेलते हैं तो वह भी 300 का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

#### मैच से पहले हनुमान गढ़ी पहुंचे चेन्नई के खिलाड़ी

**अयोध्या।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने रविवार को अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल नजर आए। उनके साथ फ्रेंचाइजी के मालिक भी दिखे। बता दें कि, चेन्नई का सोमवार को लखनऊ से सामना होगा। यह मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें सीएसके जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी।

#### खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे मध्य प्रदेश और पंजाब



**झांसी।** मध्य प्रदेश और पंजाब ने रविवार को यहां सेमीफाइनल में क्रमशः मणिपुर और उत्तर प्रदेश को हराकर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में मध्य प्रदेश ने कप्तान यूसुफ अफ्फान और अली अहमद के दो दो गोल की मदद से मणिपुर को 5-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया। जाब के लिए जसजीत सिंह कुलार ने दो गोल किए जबकि हरजीत सिंह और जुगराज सिंह ने एक-एक गोल किया।

फुटबॉल

## बार्सिलोना ने करीबी जीत से ला लिगा में मजबूत की अपनी बढ़त



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने रेलीगेशन का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली।
मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्पेनयॉल ने स्ट्राइकर रॉबर्टो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत हासिल की जबकि साइल लारिन और सेर्गी डार्डर के गोल की मदद से मैलोर्का ने सैन सेबेस्टियन में रियाल सोसिदाद को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में लास पालमास ने गेटाफे को 3-1 से हरा कर साल की अपनी पहली जीत दर्ज की।

### मैनचेस्टर सिटी ने की शानदार वापसी



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 5-2 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया।

### अल्कारेज ने जीता मोंटे कार्लो खिताब



**मोनाको।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां चोट से परेशान लोरेंजो मुसेटी को तीन सेट में हराकर मोंटे कार्लो टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कॅरियर का छठा मास्टर्स 1000 खिताब है। अल्कारेज ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराया। अल्कारेज का मोंटे कार्लो का यह पहला और कॅरियर का टूर स्तर का 18वां खिताब है। यहां जीत के बाद स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुसेटी तीसरे सेट के दौरान दाएं पैर की चोट से परेशान दिखे और उन्होंने 0-3 के स्कोर पर उपचार भी कराया।

## यूक्रेन और स्पेन बिली जीन किंग कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| रेडोम

एलिना स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन को 6-4, 6-2 से हराया जिससे यूक्रेन पहली बार बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड को 2-1 से पराजित किया और इस तरह से ग्रुप ई में शीर्ष पर रहते हुए सितंबर में चीन के शेन्ज़ेन में होने वाले फाइनल्स में प्रवेश किया।

स्पेन ने भी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। जेसिका बौज़स मनेरियो ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर स्पेन को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। बर्नार्डा पेरा ने डेनमार्क की जोहान स्वेनडसेन को हराकर अमेरिका को ग्रुप सी में 2-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका का अगला मुकाबला मेजबान देश स्लोवाकिया से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली टीम फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी।



जापान की मोयुका उचिजिमा ने ग्रुप ए में रोमानिया की एंका टोडोनी को 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। जापान का अगला मुकाबला कनाडा से होगा जिससे फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का निर्धारण होगा।

### युवराज और सूर्यकुमार ने लगातार प्रोत्साहित किया

**हैदराबाद।** अपने रिकॉर्ड शतक से फॉर्म में वापसी करने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इसका श्रेय अपने मार्गदर्शक युवराज सिंह और भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को दिया।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबला आज


# हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाए हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है।

सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है।



### लगातार चौथी जीत की तलाश

मेजबान टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत की तलाश में होगी। टीम ने अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के बाद टूर्नामेंट में जरूरी निरंतरता हासिल की है। मुख्य तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत में उनकी गेंदबाजी सबसे कमजोर कड़ी थी लेकिन शनिवार को गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल करने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाजों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स की शानदार शुरुआत के बाद लगाम कसी, यह देखना शानदार था। गेंदबाज पारी के अंत में रनों के प्रवाह को रोकने में सक्षम रहे। लखनऊ की पिच पारंपरिक रूप से धीमी है और बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है।

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग–खुली निविदा
निम्नलिखित कार्य के ई.निविदा भरत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.–01–निविदा सूचना क्रमांक**–डी.आर.एम डब्ल्यू- जे.बी.पी -72- 2025 दिनांक 08.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**–मंडल अभियंता (दक्षिण) अनुभाग के अंतर्गत इटारसी – जबलपुर सेक्शन पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर- 4.827 किमी, टीबीआर 1.259 किमी, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यू सीएमएस) 1/12 – 9 नग, 1/8.5 – 43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यू सीएमएससी) 1/12 – 3 नग, 1/8.5–15 नग और टर्नआउट का टीएसआर 1 इन 12 – 1 नग, 1 इन 8.5–3 नग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये**–3,94,30,761/–, **बयाना राशि रुपये**–3,47,200/–, **समापन अवधि**–12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय** 15.00 बजे –02.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** 15.15 बजे–02.05.2025। **क्र. सं.–02–निविदा सूचना क्रमांक**–डी.आर.एम डब्ल्यू- जे.बी.पी -73- 2025 दिनांक 08.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**–मंडल अभियंता (उत्तर) अनुभाग के अंतर्गत सतना- मानिकपुर और सतना–रीवा खंड पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर- 1.491 किमी, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 1/12 –16 नग, 1 / 8.5–43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) 1/ 12–11 नग, 1/8.5 – 19 नग और टीटीआर (एफएस) 1 इन 8.5– 1 नग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये**–2,78,82,307/–, **बयाना राशि रुपये**–2,89,400/–, **समापन अवधि**–12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय** 15.00 बजे –02.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** 15.15 बजे–02.05.2025। उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई – निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
**मंडल रेल प्रबंधक ( कार्य ) जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## वित्तीय घोटाले में पूर्व बिशप पर कसता जा रहा शिकंजा

# 24 बैंक खाते में 6 करोड़ दस्तावेज खंगालेगी ईडी

हरिभूमि जबलपुर।

चर्च ऑफ नार्थ इंडिया डायोसिस जबलपुर के पूर्व बिशप प्रेम चंद सिंह (पीसी सिंह) एक बड़े वित्तीय घोटाले में घिरते नजर आ रहे हैं। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिनसे पीसी सिंह और उनके परिवार की कथित अवैध संपत्ति और वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। अब पूरी मामले में ईडी की भी एंट्री हो रही है, जिससे इस मामले अन्य खुलासे होने की संभावना है. बताया जा रहा है कि अब ईडी 24 बैंक खातों और उसमें जमा 6 करोड़ से अधिक की रकम की जानकारी ईडी खंगालेगी. ईओडब्ल्यू की टीम को पीसी सिंह, उनकी पत्नी, पुत्र पीयूष पॉल सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर विभिन्न बैंकों में कुल 24 बैंक खाते मिले हैं। इन खातों में करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की राशि जमा होने की पुष्टि हुई है। इस भारी भरकम रकम का स्त्रोत अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### छापे में मिली विदेशी मुद्रा और दस्तावेज

इससे पहले ईओडब्ल्यू द्वारा की गई सर्च कार्रवाई के दौरान, बिशप के नेपियर टाउन स्थित निवास से 1 करोड़ 65 लाख रुपये नकद, 18,552 अमेरिकी डॉलर, 118 पाउंड, तथा 17 शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए थे।

### पद हड़पने और गबन के गंभीर आरोप

बिशप पीसी सिंह पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मूल सोसायटी का नाम बदलवाकर खुद को चेयरमैन घोषित किया और इस पद का दुरुपयोग करते हुए शैक्षणिक संस्थाओं की फीस की रकम का गबन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2004-05 से 2011-12 तक इन शैक्षणिक संस्थाओं की करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि को धार्मिक संस्थाओं में ट्रांसफर किया गया। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में बिशप पीसी सिंह और तत्कालीन असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एंड संस्थाएं, बीएस सोलंकी के विरुद्ध धारा 406, 420, 468, 471, 120बी के तहत प्रकरण दर्ज किया है।




### करोड़ों की संपत्तियों में निवेश

जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि बिशप ने कथित तौर पर गबन की गई राशि का उपयोग कई अचल संपत्तियों की खरीद में किया है। इन संपत्तियों की खरीददारी उन्होंने अपने, परिजनों और जान-पहचान वालों के नाम पर की है। इन संपत्तियों की कुल कीमत करोड़ों रुपये में आंकी गई है।

### लाखों का मासिक खर्च

सूत्रों के अनुसार, पीसी सिंह का पूरा परिवार पत्नी, पुत्र, बेटी और बहन अत्यंत लग्जरी जीवनशैली जी रहा था। सभी सदस्य हर महीने लाखों रुपये अपने व्यक्तिगत खर्चों में खर्च कर रहे थे। केवल ब्रांडेड और महंगी वस्तुओं की ही खरीदारी की जाती थी। इतना खर्च होने के बावजूद भी उनके पास करोड़ों की बचत होने की बात सामने आई है।

### अब आगे क्या

ईओडब्ल्यू की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पीसी सिंह और उनके परिवार की अवैध संपत्तियों और वित्तीय गड़बड़ियों की परतें खुलती जा रही हैं। अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि आगे की जांच में और कौन-कौन से नाम सामने आते हैं, और न्याय व्यवस्था इस मामले में क्या रुख अपनाती है।

## न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी, उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने किया शिविर का शुभारंभ

# स्वर्गीय वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर में 100 से अधिक लोगों को मिला लाभ

**जबलपुर।** स्वर्गीय वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर मानस भवन के सामने, पटेरिया कंपाउंड में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी, माननीय उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने किया। इस अवसर पर वरुण तन्खा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष सार्थक सेठी, कन्वेनियर एडवोकेट शिवेंद्र पांडेय, डॉक्टर अमरेन्द्र पांडेय, एडवोकेट श्रेयस धर्माधिकारी, रामेन्द्र करसोलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी,उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे अंतिम पंक्ति के उन लोगों को लाभ मिलेगा जो विधि सलाह न मिल पाने से भटकते रहते हैं।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष सार्थक सेठी व एडवोकेट शिवेंद्र पाण्डेय ने बताया कि निःशुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर में 150 से अधिक लोगों को अधिवक्ताओं द्वारा निःशुल्क विधि परामर्श दिया गया। शिविर में श्रीराम कालेज के 20 छात्रों ने अपना सहयोग दिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सार्थक सेठी ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है।

यह आयोजन विवेक कृष्ण तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो पाया है। श्री तन्खा का विधिक सेवा, समाजसेवा और न्यायिक सुधारों के प्रति समर्पण इस शिविर की प्रेरणा है।

शिविर में 150 से अधिक वरिष्ठ अधिवक्ता, विधि विशेषज्ञों ने दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक, श्रम, संपत्ति से संबंधित मामलों पर निःशुल्क सलाह प्रदान की। शिविर में ट्रेजरर सुचित साहनी, चमन रॉय सेक्रेटरी का विशेष सहयोग रहा। शिविर में विधि सहायता प्राप्त करने पर जरूरतमंद लोगों ने इस पहल को खूब सराहा।



### रोटरी क्लब ने उठाई अनाथ बच्चों के भरण पोषण की जिम्मेदारी

रोटरी क्लब के अध्यक्ष सार्थक सेठी व एडवोकेट शिवेन्द्र पाण्डे ने बताया शिविर में एक 15 वर्षीय बालिका और 11 वर्ष बालक स्वयं आये और शिविर में जानकारी दी कि उनके पिता का स्वर्गवास हो गया है और माँ उन्हें छोड़कर कहीं चली गई है। ऐसे में अपना जीवन यापन करने के लिए वे छोटा-मोटा काम करते हैं। उनकी पीड़ा समझने के बाद रोटरी क्लब ने उनके भरण-पोषण के साथ उन्हें प्रदान किये जाने की जिम्मेदारी ली।

### इन्होंने शिविर में दिया सहयोग

शिविर में अधिवक्ता में आयेश शुक्ला, सुयश प्यासी, शाश्वत अवस्थी, अभिमन्यु चौहान, महक सेठी, कौशकी मिश्रा, दिशा रोहिताश, श्रेयश बाजपेयी, बनमीत सिंग, ऐजाज़ सिद्धकी, शिवांश चौकसे, कार्तिक सेठी, शेख अकरम का विशेष सहयोग रहा।

# स्कूल बस की टक्कर से पिता की मौत, पुत्री घायल

हरिभूमि जबलपुर।

सिहोरा थानान्तर्गत मझौली बाईपास के समीप एक बेलगाम स्कूल बस के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार पिता पुत्री को टक्कर मार दी घटना में गाड़ी समेत गिरने से पिता पुत्री घायल हो गये। घायलों को बस चालक ईलाज कराने सिहोरा शासकीय अस्पताल ले गया जहाँ डाक्टर ने चैक कर पिता को मृत करार दिया वहीं लड़की को ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सिहोरा पुलिस ने बताया कि बहारीबंद कटनी निवासी सुरेन्द्र पाण्डे अपनी बेटी प्रगति पाण्डे को मोटर साइकिल में बैठा कर जबलपुर में परीक्षा दिलाने के लिए बस में बैठाने सिहोरा बस स्टैण्ड जा रहे थे। जहां से प्रगति बीफार्मा की परीक्षा देने जबलपुर जाने वाली थी सुबह लगभग सवा आठ बजे जैसे ही पिता पुत्री मझौली बाईपास पहुचें। पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी समेत गिरे सुरेंद्र पाण्डे को सिर में गंभीर चोटें आई थी वही पीछे बैठी उनकी बेटी प्रगति को भी चोटें आई थी। घायल पिता पुत्री को इलाज के लिए बस चालक सिहोरा अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने चैक कर पिता सुरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया।

## अदालत का महत्वपूर्ण आदेश

# छोटी-छोटी बातों पर विवाद घरेलू हिंसा नहीं

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि छोटी-छोटी बातों पर विवाद घरेलू हिंसा की श्रेणी में नहीं आता। चूंकि पत्नी के साथ घरलू हिंसा प्रमाणित नहीं हुई, अतः वह घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष पाने की अधिकारी भी नहीं है। अनावेदक बिलासपुर निवासी नितिन वर्मा सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि नितिन का विवाह नमिता वर्मा के साथ हुआ था, जिन्होंने केस दायर किया है। उनकी ओर से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष दिलाए जाने की मांग की गई है। इस दंपति की एक संतान भी है। आवेदिका ने पति के अलावा सास, जेठ ओर जेठानी पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि कथन से स्पष्ट हुआ है कि विवाद की वजह कोई बड़ी नहीं बल्कि छोटी-छोटी होती थीं। एक तथ्य यह भी है कि आवेदिका अपनी ससुराल में अधिक समय नहीं रही। वह किसी न किसी बहाने मायके चली जाती थी। ऐसे में पति के अलावा अन्य सदस्यों पर आरोप अनुचित प्रतीत होता है। इसके पीछे छिपी दुर्भावना स्वमेव रेखांकित हो रही है। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष दिए जाने की मांग महज आंशिक रूप से बच्चे के सिलसिले में स्वीकार की। पत्नी को राहत देने से मना कर दिया।

# पिकअप वाहन की टक्कर से चार मजदूर घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत दरगाह के सामने एक पिकअप वाहन की टक्कर लगने से चार मजदूर घायल हो गये. कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगल अहिरवार, रूबीना बानो, आमिर खान, राजा खान गेहू की कटाई करने दमोह से ग्राम पड़रिया गेहूं की कटाई करने आये थे। यहां से यह लोग हनुमान जयंती का कटंगी में जुलुस देखने और दरगाह जाने के लिये कहने कटंगी पहुंचे. इस दौरान मजार के सामने दमोह की तरफ से आ रहे एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 2465 के चालक ने बब्लू काछी, मंगल अहिरवार, रूबीना बानो एवं आमिर को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे चारों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आईं है। चारों घायलों को उपचार हेतु राजा खान के साथ जबलपुर भिजवाया है रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचकर पूरी कराई कागजी कार्यवाही

# 5 दिन के नवजात के लिए छुट्टी के दिन खुला स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि जबलपुर।



जबलपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग ने रविवार वाले दिन अचानक कार्यालय खोलकर 15 दिन के नवजात शिशु के उच्च उपचार के लिए न केवल कागजी कार्यवाही संपन्न की बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों ने बाकायदा कार्यालय पहुंचकर नवजात को बेहतर स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को संपन्न कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन निवासी स्वप्निल पटेल को 15 दिन पहले एक पुत्र की प्राप्ति हुई थी लेकिन अचानक की उसकी तबीयत बेहद खराब हो गई आनन फानन में उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जांच के बाद पता चला कि बच्चे के दिल में छेद है। जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार के ऊपर मानो पहाड़ सा टूट पड़ा। बच्चों के हृदय में छेद की बात को लेकर परेशान परिजनों ने जब डॉक्टर से अग्रिम उपचार के लिए परामर्श लिया तो उन्होंने जबलपुर जिला अस्पताल में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुएसीएमएचओ सर मुलाकात करने की बात कही। परिजनों ने तत्काल ही जिला कार्यालय में फोन में संपर्क किया। इधर बच्चे की हालत को देखते हुए छुट्टी वाले दिन भी जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने न केवल अपने कार्यालय को खुलवाया बल्कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय मिश्रा से संपर्क करते हुए उन्हें भी कार्यालय में बुला लिया। बाकायदा छुट्टी वाले दिन ही सारी कागजी कार्यवाहियां जल्द से जल्द पूर्ण कराई गई और फिर विभागीय दस्तावेजों में वरिष्ठ अधिकारियों के दस्तखत के बाद बच्चों के बेहतर उपचार की प्रक्रिया को शुरू किया गया। विषय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि स्वप्निल पटेल के पुत्र विनायक पटेल जो की 15 दिन के हैं उनके हृदय में छेद है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार वाले दिन भी विभागीय कार्यालय खुलवाकर न केवल कागजी कार्यवाही पूर्ण की बल्कि बच्चों को उपचार के लिए मुंबई भी रवाना किया गया, जहां राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चे का पूर्ण रूप से निशुल्क उपचार किया जाएगा।



### अगले 24 घंटों के दौरान फिर हवा पानी की संभावना

# तेज हवाओं के बीच शाम को बूंदाबांदी

**जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी भरी हवाओं और वेस्ट बंगाल से बनी द्रोणीका की वजह से पश्चिमी विक्षोप सक्रीय है. इसका असर मौसम पर साफ देखा जा रहा है. पिछले दो दिनों से दिन में धूप और शाम को बदली के बीच तेज हवाएं चल रही हैं. रविवार की शाम भी कुछ ऐसा ही हुआ. दिन में तीखी धूप और शाम 4 बजे से आसमान पर घने बादल छा गये।

मौसम विभाग का कहना है की अगले 24 घंटों के दौरान भी जिले में कई स्थानों पर तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी हो सकती है. मौसम यहां इस बदलाव की वजह से किसान चिन्तित हो चुका है.

खासकर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बेमौसम बारिश से नुकसान हो सकता है. देश के पश्चिमी इलाकों में हो रही बारिश के बाद नमी भरी हवाओं ने पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना दिया है। यह लोप्रेशर पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रहा है। लिहाजा बारिश और आंधी तूफान का माहौल बन गया। यद्यपि तापमान में कोई गिरावट नहीं आई। पिछले दिनों मौसम शुष्क रहने और बादलों के छाने और बारिश होने से उमस बढ़ गई है। फसलों और स्वास्थ्य के लिये मौसम नुकसानदायक साबित होगा, ऐसा मौसम विशेषज्ञों का मानना है। मंगलवार की सुबह से मौसम शुष्क रहा और आसमान पर तेज धूप खिली रही। शाम 4 बजे मौसम ने अचानक करवट बदली। बीच-बीच में बादल छाये और तूफानी गति से हवाएं चली। खिली धूप के बीच छुटपुट बूंदाबांदी हुई। दोपहर बाद शाम 5 बजे के लगभग हलकी बूंदा बांदी हुई जो मौसम कार्यालय में दर्ज नहीं की जा सकी. धूप से तपी धरती पर पानी की बूंदे पड़ते ही उमस का वातावरण बनने लगा।

## पुलिस की कार्यशैली पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**जबलपुर।** शहर में लगातार बढ़ते अपराध, पुलिस द्वारा की जा रही कथित आर्थिक शोषण वाली चालानी कार्रवाई, और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ रविवार, 13 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में यह प्रदर्शन शीतलामाई मंदिर से शुरू होकर घमापुर थाने तक पहुंचा, जहां हजारों कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया। विधायक लखन घनघोरिया ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा वाहन चालान के नाम पर आम जनता से जबरन वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा, "सड़क सुरक्षा के नाम पर पुलिस आर्थिक शोषण को प्राथमिकता दे रही है, जबकि शहर में लूट, नशा व्यापार और असामाजिक गतिविधियों में लगातार इजाफा हो रहा है। कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है और इसे सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।" उन्होंने मांग की कि पुलिस बल को वसूली के बजाय जनहित में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था सुधार के लिए लगाया जाए।

## दर्द से परेशान किशोर ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत ग्राम पौनिया में कल एक्सीडेंट के कारण हाथ में आये फ्रेक्चर के दर्द से परेशान किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम पौनिया निवासी श्यामलाल काछी व उसकी बहू मालती बाई ईंट भट्टे में काम करने गये थे। घर में उसका भतीजा लतेश काछी अकेला था। लतेश का एक माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। जिसके कारण उसके हाथ में प्लास्टर बंधा था। वह दर्द से परेशान रहता था। लतेश ने गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

## सरस्वतीघाट के पास उतराता मिला शव

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानांतर्गत कल सरस्वतीघाट के पास अज्ञात व्यक्ति का शव नर्मदा नदी में उतराता मिला। सूचना पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि होटल कर्मी अजय करोसिया ने कल देखा कि सरस्वती घाट में अज्ञात युवक का शव नदी में उतरा रहा है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## आशीर्वाद लेने झुका और पार कर दिया पर्स

**जबलपुर।** गोराबाजार थानान्तर्गत डीमार्ट से सामान खरीदकर लौट रहे एक व्यक्ति से कल रात एक सालसाज ने आशीर्वाद लेने के बहाने उसके जेब में रखा पर्स पार कर दिया। उक्त पर्स में ६ हजार नगदी, पेनकार्ड, आधारकार्ड रखा था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने दूसरे साथी के साथ एक्टिवा में बैठकर भाग गया। आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में गोरा बाजार पुलिस ने बताया कि पिंक सिटी राधा नगरी बिलहरी निवासी ईश्वर खत्री कल रात डीमार्ट माल सामान खरीदने आये थे। रात में ईश्वर माल से सामान खरीदकर बाहर निकले तो 2 नंबर गेट पर एक स्लेटी रंग की एक्टिवा से दो लकड़े आये जिसमें से एक लडक़ा एक्टिवा को स्टार्ट कर उसमें बैठा था। वही दूसरा लडक़ा ईश्वर खत्री के पास आया और बोला कि चाचा मेरा बेटा हुआ है। आशीर्वाद दे दो तो ईश्वर ने अपना दाहिना हाथ निकालकर उस लडके के सिर पर रख दिया और आशीर्वाद दिया तो वह बोला कि चाचा दोनों हाथों से आशीर्वाद दो। ऐसे कहते हुए वह लडका ईश्वर के पैर में झुका ओर फिर एक्टिवा में बैठकर गोलाबाजार तरफ चला गया। ईश्वर का ध्यान जेब की तरफ गया तो उन्हें पता चला कि जेब में रखा पर्स गायब है। पर्स में 6 हजार नगदी, पेनकार्ड, आधार कार्ड व आरसी रखी थी।

## प्लाट में हिस्सा मांगने के विवाद पर पिता के साथ की मारपीट

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में दो लड़कों ने प्लाट में हिस्सा बांट करने की मांग को लेकर अपने पिता के साथ मारपीट की और उसे उठाकर पटक दिया. पुलिस ने आरोपी पुत्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है. पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी 45 वर्षीय नेबा चौधारी के बड़े पुत्र राकेश एवं मनीष ने प्लाट में हिस्सा मांगा और अपने नाम कराने के लिये दबाव बनाने लगे. पिता के मना करने पर दोनों ने मिलकर अपने पिता के साथ मारपीट की और गाली गलौच करते हुये पिता को उठाकर पटक दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये. पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शराब के नशे में आए फुफेरे भाई ने किया डंडे से हमला

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला में युवक पर शराब के नशे में हंसी मजाक करते हुये उसके फुफेरे भाई ने गाली गलौच करते हुये डंडे से हमला कर घायल कर दिया. घटना के संबंध में तिलवारा पुलिस थाने से प्रापत जानकारी के अनुसार कुम्हार मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय अजय चक्रवर्ती अपने घर के बाहर टहल रहा था. तभी त्रिपुरी चैक गढ़ा में उसकी बुआ का लड़का करन चक्रवर्ती शराब पीकर आया और उससे किसी बात पर से हंसी मजाक करने लगा. उसने मजाक करने से मना किया तो करन उसके साथ गाली गलौज करते हुये डंडे से उसपर हमला कर दिया. जान से मारने की धमकी देकर भाग गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115, 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



## हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने लिया आचार्य समय सागर महाराज से आशीर्वाद

### जैन समाज के सेवा कार्यों की सराहना की

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत विद्यासागर भवन पहुंचे, जहां उन्होंने आचार्य समय सागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने आचार्य समय सागर महाराज के सान्निध्य में एक घंटे से अधिक समय तक विविध विषयों पर संवाद किया। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में मानवीय पक्ष को सदैव महत्व दिया जाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने महिला शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे समाज की दिशा और दशा दोनों बदलती है। मुख्य न्यायाधीश को जानकारी दी गई कि जैन समाज महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जबलपुर सहित विभिन्न शहरों में प्रतिभास्थली बालिका विद्यापीठ संचालित कर रहा है। साथ ही पूर्णायु में छात्राओं के लिए एक आयुर्वेद महाविद्यालय की भी स्थापना की गई है। चर्चा के दौरान यह भी बताया गया कि विद्यासागर भवन परिसर में महिलाओं के लिए एकभव्य छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिसका शुभारंभ शीघ्र किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने चर्चा के दौरान बताया कि जेल अब सुधार गृह के रूप में बनने चाहिए ताकि जब सजा के बाद बंदी बाहर निकले तो अच्छा नागरिक बनें। सेवा प्रकल्पों के बारे में ब्रह्मचारी विनय जैन बंडा भैया ने विस्तार से जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण, जीव रक्षा, महिला शिक्षा, हिंदी प्रचार-प्रसार और स्वावलंबन के क्षेत्र में जैन समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों को जानकर मुख्य न्यायाधीश ने प्रसन्नता जताई।

# पवन मलिक के सिर सजा जीत का सेहरा

### कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश के महाकौशल, बघेलखंड एवं बुंदेलखंड अंचल से छतरपुर, खजुराहो एवं बड़ा मलहरा क्लब के अलावा लगभग 1000 सदस्य हुए शामिल






**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के एक निजी होटल में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस के माध्यम से लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिकट 3233-C का आगामी सत्र 2025-26 हेतु लॉयन पवन मलिक को डिस्ट्रिकट गवर्नर चुना गया। हालांकि संस्कारधानी जबलपुर के लॉयन भरत अग्रहरि एवं सतना से लॉयन पवन मलिक के बीच बड़ा ही रोचक मुकाबला हुआ जिसमें पवन मलिक ने अंतोगत्वा 19 मतों से जीत हासिल की। राजीव शुक्ला द्वारा दी गई जानकारी अनुसारलायंस क्लब डिस्ट्रिकट 3233-C जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड व बघेलखंड के कुछ शहरों से लगभग 1000 लॉयन साथी संस्कारधानी में इस डिस्ट्रिकट कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होने के लिए जबलपुर पधारे जिसमें छतरपुर, खजुराहो एवं बड़ामलहरा लायंस क्लब के सदस्य भी सम्मिलित हुए,संस्कारधानी जबलपुर के लायंस क्लब जबलपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लायंस क्लब जबलपुर की अध्यक्ष लायन अंकिता जैन, सचिव भूमिका पटेल एवं कोषाध्यक्ष मीता पोपट के द्वारा आयोजन को चार चांद लगाने हेतु सेवा परमो धर्म की भावना के साथ कार्यक्रम में आए हुए लायन साथियों के लिए विजिटिंग कार्ड स्पर्धा, हस्ताक्षर प्रतियोगिता, पिन एक्सचेंज प्रोग्राम, स्लोगन प्रतियोगिता तथा कपल फोटो प्रतियोगिता जैसे कई महत्वपूर्ण आयोजन किए गए।दो दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस यानी 12 मार्च दिन शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर काउंसिल बैठक एवं चतुर्थ बैठक के आयोजन के साथ डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन सत्र एवं बिजनेस सेशन के साथ प्रारंभ हुआ, आयोजन में बैनर प्रेजेंटेशन, फेलोशिप एवं मनोरंजक गेम्स एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें आए हुए लायन साथियों ने लायंस क्लब जबलपुर के द्वारा इस आयोजन को आनंदम नाम जो दिया गया उसको चरितार्थ किया, कार्यक्रम में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जोधपुर से आए मल्टीपल चेयर काउंसिल पर्सन लायन संजीव जैन, लायन सत्येंद्र शर्मा, लायन शैलेश अग्रवाल लायन विजय अग्रवाल लायन रिपु दमन सिंह पुरसी, लायन बसंत मिश्रा के संबोधन मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे तो वहीं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सज्जी जॉन के द्वारा कैबिनेट की बैठक में आए मुख्य बिंदुओं को लेकर लॉयन मेंबरों को मंच के माध्यम से जानकारी प्रदान की, वही आज लायंस क्लब के इस निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर लॉयन बसंत मिश्रा ने मंच के माध्यम से सभी को चुनाव की रूपरेखा प्रस्तुत की।लायन पवन मलिक की इस जीत के बाद उत्साह का माहौल देखा गया तथा ढोल नगाड़ों के साथ पवन मलिक को लोगों ने स्वागत करते हुए जीत की शुभकामनाएं प्रदान की, पवन मालिक ने अपनी जीत को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह लॉयन बाद के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों की जीत है ।




## मुस्लिम समुदाय के मूलभूत धार्मिक अधिकारों के खिलाफ बनाए गए काले कानून को वापस लेने राष्ट्रपति से की गुजारिश

**जबलपुर।** महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को डॉ. मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रजा सिद्दकी कादरी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में भारत सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय के मूलभूत धार्मिक अधिकारों के खिलाफ बनाए गए काले कानून वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को वापस लेने की गुजारिश की गई। बताया गया मौजूदा केन्द्र सरकार ने वक्फ की जायदादों के मुताल्लिक वक्फ एक्ट में तब्दीली कर नया वक्त संशोधन अधिनियम 2025 को पारित किया है, यह पूरे भारत के मुसलमानों के लिए एक काला कानून है। यह कानून हमको संविधान द्वारा दिए गए धार्मिक मूलभूत अधिकारों के खिलाफ है। हिन्दुस्तान के मुस्लिमों के हक और आजादी की लिए एक सीधे और साफ तौर पर खतरा है। यह काला कानून औकाफ के मकसद को कमजोर करता है। यह औकाफ के खिलाफ है वक्फ हमारा मजहबी मामला है।

## बिना अनुमति चल रहे अस्पताल बंद किये जाएं

**आईपीएपी ने मुख्य सचिव को प्रेषित किया ज्ञापन**

**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव व स्वास्थ्य सचिव को प्रेषित ज्ञापन में मध्यप्रदेश को अवैध व बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रही 174 अस्पतालों के संचालकों पर एफ.आई.आर. दर्ज कर अस्पतालों को सील कर बंद करने की मांग की है। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही प्रदेश स्तर पर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर में की जा रही है। भोपाल के 4 क्लिनिक सील, ग्वलियर के 60 अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन रद्द, राजधारी भोपाल में बिनाव रजिस्ट्रेशन चल रहे 15 अस्पताल, भोपाल के ये 4 अस्पताल किये गये सील - तथास्तु डेंटल क्लीनिक होशंगाबाद रोड, स्किन स्माइल क्लीनिक, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक ई-2 अरोरा कालोनी, एस्थेटिक वर्ल्ड, ई-4 अरोरा कालोनी, स्किन स्माईल क्लीनिक और कॉस्मो डर्मा में बिना एक्सपर्ट हो रहा था स्किन ट्रीट्मेंट एक अस्पताल संचालक के पास सिर्फ बीएचएमएस की डिग्री थी।

### यशवंतपुर, गया और एलटीपी छपरा के बीच समर स्पेशल गाड़ियां चलेंगी

# मदन महल व मुख्य स्टेशन पर रुकेंगी स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को सुविधायुक्त यात्रा कराने के लिए सभी रूटों पर समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर व एलटीटी-छपरा-एलटीटी के बीच समर स्पेशल शुरू होने वाली हैं जिनका ठहराव क्रमशः मदन महल व मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर में दिया जाएगा। गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर-गया समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 14 जून तक प्रत्येक शनिवार को यशवंतपुर स्टेशन से 7:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को 15:55 बजे मदन महल स्टेशन पहुंचेगी। वहीं तीसरे दिन सोमवार को 8:15 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। इस प्रकार गाड़ी संख्या 06564 गया-यशवंतपुर ट्रेन 14 अप्रैल से 16 जून तक प्रत्येक सोमवार को गया स्टेशन से रात्रि 23:45 बजे प्रस्थान कर मदन महल स्टेशन 12:23 बजे पहुंचेगी तथा तीसरे दिन बुधवार को रात 21:30 बजे यशवंतपुर स्टेशन पहुंचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी यलहंका जंक्शन, धर्मावरम, अनंतपुर, गुत्ती जंक्शन,डोन जंक्शन, कर्नूलु सिटी, महबूबनगर, काचीगुडा, जीपेट, रामागुंडम, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर रूकेगी।

इसी तरह से एलटीटी-छपरा-एलटीटी के मध्य सात-सात ट्रिप के लिए चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर दिया जाएगा। यह गाड़ी संख्या 01029 एलटीटी से छपरा स्पेशल ट्रेन आज 13 अप्रैल से 25 मई तक प्रत्येक रविवार को एलटीटी स्टेशन से रात 22:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन जबलपुर स्टेशन पर शाम 7 बजे पहुंचेगी तथा मंगलवार को दोपहर 13:15 बजे छपरा स्टेशन पहुंचेगी। जबकि वापसी में यह ट्रेन छपरा स्टेशन से15 अप्रैल से 27 मई के बीच प्रत्येक मंगलवार को शाम 19:00 बजे चला करेगी और अगले दिन 12:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी व गुरूवार को सुबह 8:00 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी।

## डेयरी में चारा डाल रहे वृद्ध की भैंस के हमले से मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत परियट में चारा उठा रहे एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पर उनकी ही पालतू भैंस ने अचानक हमला कर दिया. इस हमले में घायल की मौत हो गई. पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पनागर परियट निवासी 70 वर्षीय प्रकाश चंद तिवारी बीती रात 11 बजे अपनी डेयरी में भैंसों के लिये चारा रख रहे थे, चारा उठाते समय एक भैंस अचानक बेकाबू हो गई और उनपर हमला कर दिया। भैंस के हमले से वृध्द को गंभीर चोटें आईं, उन्हें तुरंत पनागार अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर पनागर पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया. मर्ग कायम कर मामले की जांच जारी है।

## बधां, मोहतरा, आलगोडा में फसलें जलने का मामला

### जबलपुर सांसद ने किसानों से की मुलाकात

# किसानों को शीघ्र मिलेगा फसलों का मुआवजा



**सिहोरा।** किसानों को उनकी जल गई फसल के बदले प्रभावित किसानों को सरकार की गाइडलाइन के हिसाब से छोटे किसानों को 32 हजार रुपये एंव बड़े किसानों को 29 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर एंव 10 हजार रुपये बारदाने मुआवजा दिया जायेगा उक्ताशय के विचार जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने मोहतरा,बंधा आलगोडा में विगत दिनों आग लगने से सैकड़ों एकड़ फसल जलने से प्रभावित हुए दर्जनों किसानों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया की प्रदेश एंव केन्द्र की सरकार हर समय अपने अन्नदाता किसान भाइयों के साथ खडी है। तथा सांसद ने उपस्थित राजस्व अधिकारियों को निर्देश भी दिया की फसल जलने से प्रभावित हुए किसानों को मुआवजा देने की कार्यवाही जल्द से जल्द प्रारम्भ की जाये और किस तरह से किसान भाइयों को हम और लाभ पहुंचा सकते हैं उस पर भी विचार किया जाये। उपस्थित किसानों ने सांसद दुबे को घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संतोष बरकडे विधायक, दिलीप दुबे पूर्व विधायक,राजा मोर, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, पुष्पराज सिंह बघेल, राजमणि बघेल,मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया, एसडीएम रुपेश सिंघई, तहसीलदार शशांक दुबे, नीलू बाजपेयी, नीरज पांडे, हेमचंद असाटी, भोला दुबे आदि उपस्थित थे।



# श्री बाल संत जू महाराज के दर्शन और श्री राम कथा का श्रवण करने उमड़ी भक्तों की भीड़

मझौली। श्री बाल संत जू महाराज जी के दर्शन करने ओर श्री राम कथा का श्रवण करने भक्तों की लग रही कटाव धाम में कतार मैहर बड़ा अखाड़ा के संत श्री सहित अन्य संतो का भी कथा में आगमन हुआ। रविवार को कथा के समापन पर होगा हुआ भंडारे का आयोजन किया गया। जबलपुर जिले के क्षेत्र वासियों के आस्था का केंद्र लोढा पहाड़ श्री सिद्धन धाम आश्रम वाले श्री बाल संत जी महाराज जी के सानिध्य में रामनवमी से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक कटाव धाम में श्री राम यज्ञ सीताराम अखंड संकीर्तन और श्री राम कथा का आयोजन धूमधाम से करवाया जा रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का कार्यक्रम स्थल पर ताता लगा रहता है भक्त दुर्लभ पहाड़ पर बनी खड़ी सीढीओ को चढ़कर यज्ञशाला पहुंचकर यज्ञशाला की परिक्रमा करने के बाद संत श्री के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। श्री बाल संत जी महाराज जी के दर्शन करने दूर-दूर से भक्त कटाव धाम पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं श्री राम कथा का वाचन महंत श्री सीताराम शरण जी के द्वारा किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन महंत श्री ने भगवान की लीलाओं की कथा का वाचन किया कथा में संत महंतों का भी आगमन हो रहा है मैहर बड़ा अखाड़ा के महंत श्री के साथ अन्य संतो का भी कार्यक्रम में आगमन हुआ श्री बाल संत जी महाराज जी के द्वारा यज्ञशाला में हवन संध्याकालीन आरती और यज्ञशाला की परिक्रमा करने के दौरान सीताराम संकीर्तन से पूरा क्षेत्र राममय हो गया संत श्री के हाथों से प्रसाद लेने के लिए देर रात तक भक्तों की कतार लगी रही हैं महंत श्री सीताराम शरण जी ने बताया की शनिवार को कथा का समापन हुआ श्रीराम यज्ञ की पूर्णाहुति संत श्री के द्वारा कथा के समापन पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय हैं की कटाव धाम श्री राम यज्ञ मैं श्री बाल संत जी महाराज के हवन पूजन सीताराम संकीर्तन और शंख बजाने के वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं संत श्री के समर्पण को देखकर दिन प्रतिदिन भक्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है जो व्यक्ति एक बार संत श्री के दर्शन कर लेता है वह उनसे जुड़ता ही चला जाता है।

## वैसाखी महापर्व की देश भर में धूम

# धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया वैसाखी महापर्व



**जबलपुर।** सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह साहिब ने 1699 में राष्ट्रोत्सर्ग और भारतीय समाज को एकजुट करने हेतु खालसा पंथ का सृजन किया, ताकि आततायी और मुगल आक्रांताओं से देश और भारतीय संस्कृति की रक्षा की जा सके। इसलिए गुरुजी ने वीर खालसा को वीरोचित सैन्य पोशाक और पंच ककार के साथ ही शस्त्र भी धारण करवाए। परिणाम स्वरूप सिखों ने खालसा के नेतृत्व में दो बार दिल्ली फतह की और दुश्मन को कड़ी टक्कर देकर भारतवासियों के सोए हुए स्वाभिमान को जगाने का अद्भुत और ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया।

तदाशय के प्रेरणास्पद उद्गार आज प्रसिद्ध इतिहासविद और गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी हरमीत सिंह जम्मू, कश्मीर ने वैसाखी महापर्व पर व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि मुगलकाल से लेकर अंग्रेजों तक खालसा ने बेशुमार कुर्बानियां देकर देश धर्म और संस्कृति की निरंतर रक्षा की।

खालसा पंथ का सृजन दिवस और फसलों की कटाई उपरान्त मनाया जाने वाला वैसाखी महापर्व की आज देशभर में धूम रही। संस्कारधानी जबलपुर में गुरुद्वारा प्रेमनगर, मदनमहल और गुरुद्वारा जी सी एफ में धूमधाम से वैसाखी महापर्व मनाया गया। दोनों ही आयोजनों में श्री दरबार साहिब अमृतसर, पंजाब के विख्यात हुजूरी रागी जत्था भाई जगतार सिंह, ढाढ़ी जत्था भाई ब्रिछपालसिंह, बरकंडी वाले, इतिहासविद ज्ञानी हरमीत सिंह,जम्मू, भाई प्रगट सिंह, हरजीत सिंह अखंड कीर्तनी जत्था, ग्रंथ साहिब भवन एवं स्त्री सत्संग सभा प्रेमनगर सहित अनेक विद्वतजनो ने गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं विरोचित ढाड़ी, वारों और गीतों से युद्ध के जीवंत नजारे पेश किए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, महापौर जगत बहादुर अन्नू, अजीत सिंह नैय्यर सीटू, कुंवरपाल सिंह शेरू, काके आनन्द पार्षद श्रीमती राठौर, नरेंद्र सिंह पांधे ,आदि जन प्रतिनिधियों के साथ ही हर वर्ग और धर्म के तकरीबन 25 हजार श्रद्धालुओं ने गुरुघर में माथा टेककर एक ही पंगत में गुरु का लंगर ग्रहण कर राष्ट्रीय एकता की अवधारणा की और भी मजबूत किया।

## बजरंग मठ सूपाताल में नेत्र शिविर प्रारम्भ



जबलपुर। दादा वीरेंद्रपुरी के 99वें जन्मोत्सव पर बजरंग मठ सूपाताल में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। बाबूशंकर सोनकर, डॉ. पवन स्थापक और दादा वीरेंद्रपुरी जी शिष्य मंडल की उपस्तिथि में सुबह 10 बजे परम पूज्य बाबा विश्वनाथपुरी जी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर नेत्र शिविर का शुभारम्भ किया गया। नेत्र शिविर में 530 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 126 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किये गए। 25 मरीज ऐसे पाए गए जिनमें मधुमेह के दुष्परिणाम के कारण आँख के परदे पर खून के धब्बे जमा थे, 12 मरीज कांचियाबिंद से ग्रसित और 02 मरीज कॉर्नियल अंधत्व से ग्रसित पाए गए।

## जीसीएफ गुरुद्वारा में हर्षोल्लास से मनाया बैसाखी पर्व

जबलपुर। श्री गुरुसिंघ सभा जीसीएफ स्टेट के तत्वावधान में 13 अप्रेल को खालसा पंथ का स्थापना दिवस मनाया गया। बताया गया जीसीएफ गुरुद्वारा संस्कारधानी का सबसे पुराना गुरुद्वारा है, इसकी स्थापना आजादी से पहले सन 1940 में हुई, इस गुरुद्वारा में सर्वप्रथम 1941 में पहली बार बैसाखी का पर्व मनाया गया। इस पर्व को मनाने के लिए प्रबंधक कमेटी के एमएस नागी अध्यक्ष परमदीप सिंह मैनी सचिव, तेजासिंह, प्रीतपाल भमरा, गुरदीप सिंह मैनी, खुशमीत सिंह एवं हरनेक सिंह का अत्याधिक योगदान रहा। अंत में सर्वत्र के भले की अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव परमदीप सिंह मैनी, एमएस नागी द्वारा किया गया।



## त्रिरत्न बौद्ध विहार में आज मनाई जाएगी डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती



**जबलपुर।** त्रिरत्न बौद्ध विहार आधारताल में 14 अप्रेल को भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रकाशनाथ चौर के द्वारा डॉ. आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 08 बजे सामूहिक माल्यार्पण, डॉ. आम्बेडकर व विश्वगुरु गौतम बुद्ध की वंदना की जाएगी। तत्पश्चात त्रिरत्न बौद्ध विहार से प्रारंभ शोभायात्रा का समापन हाईकोर्ट चौक पर होगा। उपस्थिति की अपील ओमप्रकाश चौर, ईश्वरी पाटिल, नन्दकिशोर पटले, कंचना कामडे, सुखदेव भालेवार, रेमश कामडे, सुनंदा वासनिक, सीमा गनवीर, शिवदास बोरकर, दिलीप गनवीर, अर्जुन पाटिल, सुनील मानेकर, एवं समस्त बौद्ध विहार के सदस्यों ने की है।

### डॉ. आम्बेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर द्वारा हाईकोर्ट चौक पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत तथा स्त्री शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती हर्षोल्लास से ओजस्वी वक्ताओं की उपस्थिति में मनाई जाएगी। समिति के मनीष पुनवटकर, सुनीता पाटिल, सुनीता शेण्डे, पारमी बौद्ध, कृपा खरे, मनीष कोल्हेकर, नंदिता गजभिये, स्मिता बौद्ध, वंदना रामटेके, नंदनी गौरे, मीना खापर्डे, अनीता जनबंधु, कविता सहारे, स्मिता ओहल एवं समिति के अन्य सदस्यों ने उपासक एवं उपासिकाओं से शुभ्र वस्त्र धारण कर जयंती कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने किया हैरतअंगेज प्रदर्शन



**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रीड़ा भारती महानगर के द्वारा महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन में श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचीन खेल पटा-बनेटी, (लाठी, बल्लम, तलवार, गदा आदि) हैरतअंगेज प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया एवं बॉक्सिंग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई, ये सभी बालक-बालिकाएं राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो कि आगामी महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में आज से शुभारंभ क्रीड़ा केंद्र में भी अभ्यास करेंगे, क्रीड़ा भारती महानगर द्वारा आज 25 क्रीड़ा केंद्रों पर शक्ति ईष्ट श्री हनुमान जी का पूजन एवं हनुमान चालीसा पाठ व उक्त खेलों का प्रदर्शन विधिवत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि नीलेश पांडे, प्राचार्य अनामिका भट्टाचार्य, भीष्म सिंह राजूपत, अनंत डी.के. उमाशंकर पटेल, विशाल बन्ने, अजय शुक्ला, प्रकाश विस्पुते, मनोज ठाकुर, विनोद ठाकुर, विनोद पोद्दार, संजय सिंह, रामदत्त शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, कैलाश कहार, सुभाष मांझी, प्रीति त्रिपाठी, शिवांगी पचौरी, धनराज पिल्ले, राकेश श्रीवास, राशि रमण, महेंद्र विश्वकर्मा, दीना ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन रविन्द्र झा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम में शाला के उत्कृष्ट खिलाड़ी, समीर बेन, अलीशा सोनकर, शिक्षा बझैंया , राजेश्वरी झा का क्रीड़ा भारती द्वारा सम्मान किया गया, अदिति सोनी द्वारा मुगदर कला का प्रदर्शन किया गया, प्रदर्शन करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को क्रीड़ा भारती द्वारा सम्मानित किया गया।

## जय हनुमान ज्ञान गुण सागर

जबलपुर। संपूर्ण ब्राह्मण मंच के तत्वावधान में सृष्टि के महानायक प्रभु केसरी नंदन का अभिषेक, पूजन प्रधान कार्यालय में भक्तों के साथ किया गया। आरती में सभी वर्गों के प्रमुख समाजसेवी उपस्थित सहित पंडित धनंजय बाजपेई, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, रावेंद्र तिवारी, यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, पुष्पा तिवारी, आभा तिवारी, सुधा मिश्रा, मीरा दुबे, डॉ. स्वगतकिपति, मधुबाला दुबे, मुन्ना लाल दुबे, चंद्रशेखर शर्मा, सुधाकर मिश्रा, माधव पांडे, प्रशांत तिवारी, सार्थक शर्मा, केके दुबे, आरएस पांडेय आदि उपस्थित थे।



# मुविप के प्रदेशाध्यक्ष के नगरागमन पर किया गया भव्य स्वागत



**जबलपुर।** मप्र मुस्लिम विकास परिषद आगामी 18 अप्रैल को सर्वधर्म सद्भाव व ईद मिलान समारोह का भव्य आयोजन भारत पावर लूम प्रांगण, रद्दी चौकी में आयोजित किया जा है। कार्यक्रम की तैयारियो का जायजा लेने व रूप रेखा तय करने हेतु मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेशाध्यक्ष एड. मो. माहिर खान का शहर नगरागमन हुआ। परिषद के जिला कार्यालय में उनकी आगवानी कर जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, फैजान क़ुरैशी, इरफान क़ुरैशी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, अहमद रज़ा, आरिफ खान, इस्तीयाक अंसारी, इकबाल चांद खां, अशफाक अंसारी, साजिद काज़ी, मुजफ्फर क़ुरैशी, शेख निज़ामी, मामूर गुड्डू, अब्दुल बाकी खान, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, मेहताब अली, सलीम खान, शाहिद क़ुरैशी, रिफत क़ुरैशी, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी, लियाकत जावेद, इरफान अंसारी, एड. रियाज राइन, एड. अकबर उस्मानी, एड. निसार अंसारी, एड. अय्यूब अंसारी आदि ने पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया।

## ईसाई समुदाय ने मनाया पाम सन्डे

**जबलपुर।** रविवार को सारी दुनिया के चर्चों में पाम संडे मनाया गया। इसी तारतम्य में जबलपुर संस्कारधानी के सभी गिरजा घरों में पाम संडे का मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया, जिसमे भारी संख्या में ईसाई समुदाय के लोगों ने हाथो में खजूर की डाली लिए हुए बड़ी ही भक्ति भावना से भाग लिया। पाम संडे प्रभु येसु मसीह के अंतिम दिनों और यरुशलम में उनके विजयी आगमन का प्रतीक है। महागिरजा घर सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल सदर मैं पाम संडे बड़े ही धूम धाम से मनाया गया. पवित्र पाम सन्डे याने की खजुरी रविवार को ईसाई समुदाय के लोग प्रभु यीशु के यरूशलेम में आगमन को विजयी प्रवेश के रूप में मानते है। पाम सन्डे को सदर स्थति सेन्ट पीटर एंड पॉल चर्च मैं सेन्ट जोसेफ स्कूल से चर्च प्रांगण तक एक जलूस भी निकाला गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना जबलपुर डायसिस प्रमुख डॉ वल्लन अरासु ने अपने उपदेश मैं लोगो से कहा की हमे एक दूसरे के अपराध माफ करना चाहिए की हमरा ह्रदय पाप रहित रहे, पल्ली पुरोहित फादर डॉ, डेविस जोर्ज एवेंम सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम ने समस्त पल्लीवासियो को पाम सन्डे की सुभकामनाय दी, आज, के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पल्ली सचिव फेलिक्स बारला , जॉन डेविड , मनोज अन्थोनी, फ्रांसिस जेवियर, जूसिया, रेशलू पीटर, आदि का विशेष सहयोग रहा। जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, हैरिश नथानीयल, फ्रांसिस एंथोनी, क्लेमेंट पायस, रिंकू पीटर, अल्बर्ट एंथोनी, राजू फ्रांसिस, आनंद राज एंथोनी, लॉरेंस मार्टिन, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, अरुण मार्टिन, सुनील रिचर्डसन, ट्रिसा रॉड्रिक्स, रवीना कानूनगो, मार्को बाबा, लकी हैरी, विनीता फ्रांसिस, शालिनी एम्ब्रोस आदि ने सभी विश्वासियों को पाम संडे की बधाई दी।



## हिरन नदी मंझगवा घाट की सफाई



सिहोरा। जल है तो कल है इस वाक्य को चरितार्थ किया मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृव क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आवाहन पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के बीएसडब्लू,एमएस डब्लू छात्र छात्राओं एवं परामर्शदाताओं के द्वारा आज हिरन नदी के मझंगवा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया तथा जल बचाने लोगों को जागरूक किया। इस अभियान में ब्लॉक समन्वयक आशीष जैन, परामर्शदाता प्रवीण गौतम, रजनीश उपाध्याय,लक्ष्मीकांत परौहा, सुरभि कोरी, सचिन नामदेव व सामाजिक कार्यकर्ताओ की सहभागिता रही है।

## ट्रांसफार्मर बदलने विद्युत विभाग को किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** विद्युत से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर विगत दिनों अनेक किसानों ने सिहोरा कार्यालय पहुंचकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के डी एंव असिस्टेंट इंजिनियर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ग्राम भीखाखेड़ा निपनिया में कृषि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत विद्युत मंडल के सरौली स्थित कार्यालय में एंव 10 अप्रैल को सिहोरा स्थित कार्यालय में शिकायत की पर सुधार नहीं हो सका जिससे हम किसानों की उड़द मूंग की फसल सूखकर खराब हो रही है एंव बहुत से किसानों ने तो बोवनी कर दी है लेकिन पानी नहीं चल पाया विद्युत विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण ग्राम भीखाखेड़ा प्रतापपुर सरौली मझगवां नुंजी,नुंजा के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अधिकारी ने ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार कुर्मी,संत कुमार पटेल,दिलीप पटेल, सुनील विशकर्मा,प्रकाश पटेल,राजेन्द्र पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, मोहन पटेल,विपिन पटेल, अमन पटेल, राहुल पटेल, भरत पटेल,रंजीत पटेल, शुभम पटेल सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## निधन

**श्री सुभाष चंद जैन-** सिहोरा साई मंगलम कालोनी वार्ड 13 निवासी सुभाष चंद जैन का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 9.30 पर बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे प्रमोद, प्रकाश, शरद, कमलेश, प्रसन्न जैन के बड़े भाई एवं प्रवीण, नवीन, सतीश जैन के पिता थे।



**श्री भूपेंद्र सभरवाल-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री भूपेंद्र सभरवाल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आजाद सिंह ठाकुर-** नयागांव रामपुर निवासी श्री मदन सिंह ठाकुर के पुत्र श्री आजाद सिंह ठाकुर (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र कुमार कश्यप-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री बिहारी लाल कश्यप के पुत्र श्री शैलेंद्र कुमार कश्यप (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन बेन-** बगीचा नं. 66 सदर निवासी श्री रघुनाथ बेन के पुत्र श्री मोहन बेन (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरन रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अरूण रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती किरन रैकवार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पलता डंगारे-** एलआईजी 61, न्यू पीपी कॉलोनी निवासी श्री रामकृष्ण डंगारे की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता डंगारे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धनीराम रजक-** गलगला निवासी श्री धनीराम रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पवन कुमार राठौर-** शांति नगर गली नं. 5 निवासी श्री पवन कुमार राठौर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुमरिया चौधरी-** गली नं. 3 पोलीपाथर पंप हाउस नं. 2 निवासी श्री मंगल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुमरिया चौधरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी छनिया-** दरहाई सुनरहाई निवासी श्री विजय कुमार छनिया की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी छनिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई-** पचपेढ़ी डुमना रोड निवासी श्री आजाद प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विश्वनाथ त्रिपाठी-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री विश्वनाथ त्रिपाठी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोमेन कुमार बैनर्जी-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री सोमेन कुमार बैनर्जी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पायल सोनी-** महानद्दा गुलजार होटल के पीछे निवासी श्री प्रशांत सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती पायल सोनी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया

**श्रीमती ललिता गुप्ता-** नेपियर टाउन शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री अशोक कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# श्रीराम कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन



**जबलपुर।** श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर समिति के संरक्षक संत शिरोमणि बनवारीदास महाराज के पावन सानिध्य में दिनांक 03 अप्रैल से 11 अप्रैल तक श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दिनेश शास्त्री यज्ञाचार्य थे एवं श्री राम कथा डॉ. अखिलेश मिश्र द्वारा कही गयी। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 4 बजे से सहस्त्र अर्चन से हनुमान जी महाराज का अभिषेक हुआ। उसके उपरांत कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मन्दिर समिति के सभी सदस्य सर्वेश मिश्रा, शेखर चंद अग्रवाल, आनन्द सोनी, राजेन्द्र चौधरी, विजय नायक, बबलू, विमलेश शर्मा, रवि, कमलेश, भागचंद, अरविंद, अनुज, लकी, अनुज, यश, दीपेश, नितिन मिश्रा, नितिन यादव, नीरज, शिवांश, शिवम, सौरभ, सज्जन आदि ने जनता जनार्दन का आभार प्रकट किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# लॉज नर्मदा संस्था ने रांझी सिविल अस्पताल को भेंट किया वाटर कूलर

**जबलपुर।** सिविल अस्पताल रांझी में विधायक अशोक रोहाणी की अध्यक्षता में 13 अप्रेल को लॉज नर्मदा जबलपुर संस्था ने चिकित्सालय में स्थानीय जनता के हितार्थ एक वाटर कूलर दान स्वरूप दिया गया एवं सिविल अस्पताल रांझी जबलपुर की वेबसाइट भी इनके द्वारा बनवाई गई। कार्यक्रम में लॉज नर्मदा जबलपुर संस्था के गुठा कृष्णन सेल्वराजन ग्रेण्ड लॉज ऑफ इंडिया एवं सुभाष एल सराफ रीजनल ग्रेण्ड लॉज ऑफ इंडिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था की ओर से श्री गुलाटी, श्री रूंगटा, श्री छावड़ा, श्री रूपराह, डॉ. वीएस कोहली एवं अन्य के साथ स्थानीय पार्षद दामोदर सोनी, चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. कमलेश धुर्वे, डॉ. संजय छत्तानी, डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, डॉ. प्रियंक, समस्त नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडीकल स्टाफ एवं समस्त सपोर्ट स्टाफ की उपस्थिति रही।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के पितृ पर्वत पर हनुमान जी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने गौ-माता का पूजन भी किया। इस मौके पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकद्वय रमेश मेंदोला व मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर की परिक्रमा कर हनुमान जी की विशाल मूर्ति के दर्शन किए। इस दौरान नर्मदा परिक्रमावासी अवधूत दादा गुरु जी के दर्शन भी किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृ पर्वत परिसर में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की भजन मंडली द्वारा किये जा रहे हनुमान चालीसा के पाठ में शामिल विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी सराहना की और हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृ पर्वत में अशोक का पौधा भी लगाया।

### रामराज्य में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी:सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री हनुमान जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि रामदूत श्री हनुमानजी की भक्ति, सेवा और समर्पण भाव से प्रेरित होकर हम विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि में योगदान दें, यही प्रार्थना है। सीएम ने हनुमान जयंती के पावन पर्व पर राजकीय विमान तल भोपाल स्थित श्री हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हनुमान जी अजर-अमर हैं। भगवान श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। माता सीता का प्रेम, स्नेह और वात्सल्य पाकर उनकी आजीवन सेवा तथा असाधारण वीरता का हनुमानजी का संकल्प सभी के लिए प्रेरक है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन बाण चला रहे थे, और भगवान श्रीकृष्ण सारथी थे, तब भी धर्म ध्वजा हनुमानजी ने ही धारण की थी। हर कष्ट, हर दुःख में सबसे पहले हमें हनुमानजी ही याद आते हैं। वे ही हमें बल, बुद्धि, पराक्रम, वीरता, ज्ञान, विनयशीलता जैसे मानवीय गुणों का वरदान प्रदान करते हैं।*

## गो-शालाओं से गो-सेवा की लिखेंगे इबारत



# सीएम ने किया महू में हाईटेक सुविधाओं वाली कामधेनु गो-शाला का भूमि-पूजन

गो-शाला में 10 हजार गायों के पालन-पोषण की रहेगी व्यवस्था

प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति की दिशा में दुग्ध उत्पादकों की बढ़ेगी आमदनी



महू के ग्राम आशापुर में कामधेनु गौ-शाला का भूमि-पूजन करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गो-शालाओं के माध्यम से गो-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी वृद्धि की जाएगी।

डॉ. यादव शनिवार को इंदौर जिले के महू-मंडलेश्वर मार्ग पर स्थित आशापुरा में प्रदेश में हाईटेक कामधेनु गो-शाला के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह गो-शाला लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जा रही है। गो-शाला का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर निगम ही संभालेगा। गो-शाला के संचालन में संत समाज का सहयोग भी लिया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि और स्वामी अच्युतानंद जी महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### डॉ. आंबेडकर जयंती पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाएगी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई कर संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा और कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पु ष पां ज लि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी करेंगे। आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित होगी।



- बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई कर मनेगा दीपोत्सव
- समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी होगी आयोजित

### पहले पर राजस्व, दूसरे पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तीसरे पर रहा नगरीय प्रशासन

# राज्य शासन की शिकायतों की ग्रेडिंग में कई विभागों की स्थिति बेहद चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में राजस्व विभाग सबसे ज्यादा शिकायतों वाले विभाग में शुमार हो गया है। इस विभाग की निराकरण की स्थिति काफी दयनीय है। शिकायतों के निबटारे के लिए जांच व कार्रवाई के बजाय विभागीय अफसर आवेदनों को निरस्त कर देते हैं, इससे शिकायतों की संख्या शून्य या नीचे आ जाती है। यही रिपोर्ट शासन को भेज दी जाती है। प्रथम 5 विभागों के शिकायतों में राजस्व विभाग प्रथम, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वितीय, नगरीय प्रशासन तृतीय, गृह चतुर्थ और ऊर्जा विभाग पांचवें स्थान पर है। राज्य शासन की ग्रेडिंग में कई विभागों की स्थिति खराब है। राज्य सरकार ने एक हजार से ऊपर के शिकायतों में 30 विभागों को प्रथम समूह में, जबकि एक हजार से कम के शिकायतों में कुल 22 विभाग शामिल हैं।

प्रथम समूह में शिकायतों के मामले में राजस्व की स्थिति काफी दयनीय है। इस विभाग में एक से 28 फरवरी के बीच में कुल 57 हजार शिकायतें मिली। इसमें 78 फीसदी का निराकरण कर लिया गया। इसमें भी 44 फीसदी शिकायतों को बंद कर दिया गया। इसमें टीप संतुष्टि के साथ दी गई। हालांकि शिकायतों को निरस्त करने की प्रक्रिया ज्यादा पूरी कराई गई। दूसरे नंबर पर पंचायत एवं ग्रामीण विभाग रहा। इस विभाग में कुल करीब 54 हजार शिकायतें मिली, इसमें से 88 फीसदी का निराकरण किया गया। इसमें भी 10 में से 9.99 फीसदी शिकायतें निम्न गुणवत्ता के साथ बंद की गई। 50 दिन से अधिक पेंडिंग रहने वाली शिकायतों में ग्रेडिंग 10 में से 8.37 फीसदी रही।

**खास बातें**

- जांच व कार्रवाई की जगह अफसर आवेदन निरस्त कर देते हैं
- सबसे ज्यादा दयनीय राजस्व की स्थिति



### विभागवार ग्रेडिंग की प्रक्रिया में अफसरों ने जमकर उलझाया

विभागवार ग्रेडिंग में अफसरों ने 5 केटेगरी बनाई। पहले में 60 फीसदी मेरिट के साथ वेटेज दिया गया। इसे संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज नाम दिया गया। कितनी शिकायतों का निराकरण किस तरह से हुआ, इसका जिक्र नहीं किया गया। दूसरी ग्रेडिंग में 50 दिवस बसे अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज यानी आंकलन महज 10 फीसदी के साथ किया गया। तीसरे में निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों को शामिल किया गया, जबकि चौथे में नोट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 10 फीसदी के साथ रखा गया। पांचवें में मान्य व अमान्य शिकायतों को रखा गया। इसका वेटेज भी 10 फीसदी दिया गया। ग्रेडिंग की पूरी प्रक्रिया को संख्या देने के बजाय प्रतिशत में देकर उसे उलझा दिया गया।

### द्वितीय समूह में यह रहा विभागवार आधार

द्वितीय समूह में सबसे अधिक 794 शिकायतें कुटीर एवं ग्रामोद्योग का रहा, यहां कुल 58 फीसदी निराकरण किया गया। इसके बाद नर्मदा घाटी विकास विभाग में 522, मप्र निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग में 155 शिकायतें आई, 53 फीसदी का निराकरण हुआ।

### *शिकायतों की स्थिति यह रही*

*राजस्व विभाग प्रथम स्थान के साथ 57,622, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग में 54,681, नगरीय प्रशासन 38,398 मिली। इसमें 85 फीसदी का निराकरण किया गया। गृह विभाग में 37,192 शिकायतें आई, इसमें 97 फसदी का निराकरण किया गया। ऊर्जा विभाग पांचवें स्थान पर रहा। यहां कुल 28,766 शिकायतें आई। जबकि 88 फीसदी शिकायतों का निराकरण किया गया। छठवें स्थान पर स्वास्थ्य विभाग में 27,466 शिकायतें मिली, इसमें 65 फीसदी का निराकरण किया गया। सातवें स्थान पर पीएचई रहा, इसमें कुल 23,911 शिकायतें मिली, जबकि 82 फीसदी शिकायतों का निराकरण किया गया। आठवें स्थान पर खाद्य विभाग रहा। यहां 12,902 शिकायतें मिली, इसमें 87 फीसदी का निराकरण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग 9 वें स्थान पर रहा, यहां कुल 76 फीसदी मामलों का निराकरण किया गया।*

### तेंदूखेड़ा में सभा को किया संबोधित

# पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करो तो सफलता कदम चूमेगी: मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मेहनत और ईमानदारी के साथ समर्पित भाव से पढ़ाई करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी। वर्तमान में जो संसाधन इंटरनेट, मोबाइल उपलब्ध हैं, उनका अधिक से अधिक उपयोग रचनात्मक कामों में किया जाना चाहिये। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग के तेजस्वी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान मंत्री सिंह ने '976 आयडिया' पुस्तक का विमोचन किया। मंत्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की बेहतरी के लिये लगातार प्रयास कर रही है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी निजी स्कूल के विद्यार्थियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कक्षा-5वीं और 8वीं के हाल ही में घोषित रिजल्ट ने यह साबित करके दिखाया है। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### *प्रदेश की 3764 टीमों ने लिया भाग*

*कार्यक्रम में बताया गया कि उद्यम विकास के आयडिया के लिये "सीड मनी स्कीम" में प्रदेश की 3764 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में 19 हजार 900 विद्यार्थी शामिल थे। मंत्री सिंह ने सीड मनी के लिये जिले के 5 हजार 176 विद्यार्थियों को 2000 रुपये के मान से एक करोड़ 3 लाख रुपये का चैक प्रदान किया।*

### जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए हुआ प्रशिक्षण

# बदलते दौर में नोडल अधिकारियों को अफवाहों से बचना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आईआईआईडीईएम में देश भर के विभिन्न राज्यों के मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था।

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों।

### *मप्र से मीडिया व सोशल मीडिया के प्रतिनिधि हुए शामिल*

*भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में विगत दिनों हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मप्र के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।*

### चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी

कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। इस ओरिएंटेशन के दौरान अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी कैसे फैलानी है, गलत सूचनाओं से कैसे निपटना है और मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है।

### रेप का बनाया था वीडियो

# युवती को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



रतनपुर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म और उसके बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी की धमकियों से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। इसके बाद उसने हिम्मत दिखाते हुए रतनपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी भांजे को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अमेरी निवासी सोनराज बंजारे उर्फ सोनू की बिलासपुर की एक युवती से मोबाइल के जरिए पहचान हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और मुलाकातें भी हुईं। सोनराज ने युवती से प्रेम का इजहार किया, लेकिन युवती ने इनकार कर बातचीत बंद कर दी।

इसके बावजूद मार्च 2024 में सोनराज ने अपने भांजे, चचेड़ी निवासी राजेश्वर बघेल के साथ मिलकर युवती को बहला-फुसलाकर बाइक से रतनपुर ले गया। वहां खंडोबा मंदिर के पास सुनसान जगह पर सोनराज ने युवती के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना के बाद युवती ने डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद सोनराज ने युवती को बार-बार फोन कर मिलने के लिए दबाव बनाना शुरू किया। मना करने पर उसने वीडियो कॉल के जरिए हंसिया से गला काटकर आत्महत्या की धमकी दी। इससे डरकर युवती ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज हुआ।

### ड्राइवर फरार, पुलिस कर रही मामले की जांच



# नहर में गिरा पिकअप वाहन 3 महिलाएं, 2 बच्चे लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा-चांपा मार्ग पर निर्मित जिले के प्रवेश द्वार मुकुंदपुर से मड़वारानी मार्ग पर एक हादसा हो गया। सक्ती जिले के ग्राम रेड़ागांव से खरहरी की ओर जा रहा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा।

हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन में कई ग्रामीण सवार थे, जो किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम खरहरी जा रहे थे। हादसे के बाद कुछ लोग नहर से बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन 2 महिलाओं सहित 3 बच्चे लापता बताये जा रहे हैं। उक्त घटना घटित होने के पश्चात पिकअप वाहन चालक घटना स्थल से फरार बताया जा रहा हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के सहित घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि सूचना मिलती है पुलिस की टीम मौके पर पहुंची वहीं अब तक पांच लोगों की लापता होने की जानकारी मिल रही है तलाश जारी है। बताया जा रहा है की शक्ति जिले से कोरबा छठी कार्यक्रम में शामिल होने पिकअप वाहन में आ रहे थे। पूछताछ में उसने बताया,कि वाहन में जो लोग खड़े थे वही पानी में डूबे हैं। पानी में डूबे लोगों की तलाश जारी है।

### खेल एवं कल्याण विभाग ने आयोजित की यात्रा, प्रदेशवासियों को दीं बधाइयां

# जय भीम पदयात्रा में कांग्रेस पर गरजे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। ठीक उसके एक दिन पहले राजधानी रायपुर में आयोजित जय भीम पदयात्रा में शामिल हुआ हूं। यह कार्यक्रम खेल एवं कल्याण विभाग के द्वारा किया गया है। विभाग के मंत्री, अधिकारी, मंत्री गढ़ और विधायक गढ़ समेत छात्र-छात्राएं इस पदयात्रा में शामिल हुए हैं।

उन्होंने अंबेडकर जयंती की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। सीएम विष्णुदेव साय ने बाबा साहब की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है, जिसके माध्यम से भारत चल रहा है। यह संविधान हम सभी लोगों को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार देता है। अपनी बात स्वतंत्रता से कहने की अधिकार देता है।

### अधिकारी, मंत्री, विधायक, छात्र-छात्राएं रहे मौजूद



### 'कांग्रेस ने खोया देश का विश्वास'

*उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस देश के जनता से विश्वास खो चुकी है। वे संविधान की बात करते हैं, उन्होंने इस देश में इमरजेंसी लगाया और लाखों लोगों को जेल में भर दिया। सीएम साय ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपने स्वार्थ के कारण कितनी बार इस देश की संविधान के साथ खिलवाड़ किया है। उसका गलत तरीके से संशोधन किया है। कांग्रेस के न्याय पदयात्रा पर सीएम साय ने कहा कि यह कुछ भी करें। छत्तीसगढ़ में इनका पूरा सुपड़ा साफ हो गया है। विधानसभा, लोकसभा, नगरी निकाय, पंचायती राज के चुनाव में पूरी तरह से हारे हैं। इनको हार का मुंह देखना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह पहले अपने घर परिवार संभाल ले ठीक से। अपने पैर पर खड़ा हो जाए तो कोई बात करें।*

### पुलिस ने आरोपी और उसके सहयोगी को किया गिरफ्तार

# दोस्त की भतीजी को झांसा देकर रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही



पेंड्रा थाना क्षेत्र के लाटा गांव में एक कॉलेज छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता गौरेला के एक कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा है। बताया जा रहा है कि छात्रा के चाचा के दोस्त केशव पूरी उसे उसे घर का इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के बहाने पेंड्रा बाजार ले गया था। सामान खरीदने के बाद वापसी के दौरान आरोपी ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर लाटा गांव में अपने रिश्तेदार के घर ले जाकर दुष्कर्म किया।

इस दौरान उसके सहयोगी सूरज पूरी ने भी वारदात में उसकी मदद की। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह पेंड्रा थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों केशव पूरी निवासी पतरकोनी गौरेला और सूरज पूरी को गिरफ्तार कर लिया। पेंड्रा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 70(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

चिंतन

# मनरेगा में सतत सुधार की जरूरत

संविधान निर्माता और अर्थशास्त्री डा. भीमराव आंबेडकर की आज जयंती है। डा. आंबेडकर ने अपने अर्थशास्त्रीय चिंतन में गरीबी उन्मूलन के लिए आमदनी के स्थाई स्त्रोत के निर्माण की अवधारणा रखी थी। इसके लिए उन्होंने स्टेट सोशलिज्म का सिद्धांत दिया था, जिसमें राज्य द्वारा हर परिवार को बिना भेदभाव स्थाई आजीविका उपलब्ध कराने की बात है। आंबेडकर को मानने वाले नेता, राजनीति और सत्ता, किसी ने भी स्थाई रोजगार सृजन की ओर ध्यान नहीं दिया। आंबेडकर को मानने वाले बौद्धिक व चिंतक वर्ग ने भी कभी देश में रोजगार सृजन के स्थाई स्त्रोत निर्माण को अपने विमर्श का केंद्र नहीं बनाया। राजनीतिक और बौद्धिक उदासीनता ही है कि डा. आंबेडकर के जातिमुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में अब तक किसी ने भी प्रयास नहीं किया। डा. आंबेडकर के स्टेट सोशलिज्म का लक्ष्य बिना भेदभाव सभी नागरिकों का सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक उत्थान कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। यह लक्ष्य अब भी अधूरा है। वर्ष 2005 में जब संसद से मनरेगा विधेयक पास हुआ था, तो रोजगार सृजन की एक पहल की गई थी। 2006 में 200 जिलों में और वर्ष 2008 में समूचे देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू हुआ था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में इच्छुक अकुशल श्रमिकों को सौ दिन की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया गया था। संसदीय समिति ने मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये व वर्ष 100 दिन के बदले 150 दिन रोजगार देने की सिफरिश की है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की जो आज स्थिति है, उसमें यह सिफारिश उचित है। सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, लेकिन सरकार की अधिकांश योजनाएं नागरिकों को सक्षम व समर्थ बनाने के बजाय फ्रीबिज की तरह हैं, जो नागरिकों को वित्तीय मदद तक सीमित रखता है, उनका सक्षम मानव बल के तौर पर निर्माण नहीं होता है। मौजूदा व्यवस्था में भी अगर सभी सरकारी वेल्फेयर योजनाओं को मिलाकर केवल रोजगार सृजन योजना ही चलाई जाए तो भी कुछेक साल में गरीबी उन्मूलन हो जाएगा, जो डा. आंबेडकर का सपना साकार करने वाला कदम होगा। इसलिए मनरेगा समेत अन्य रोजगारपरक योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। राष्ट्र के सभी नागरिकों को आर्थिक सृजन में शामिल करना जरूरी है। मनरेगा इसमें सहायक है, लेकिन मनरेगा से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए व उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप दिया जाना चाहिए। वर्ष 2021-22 में लगभग 50.31 लाख जॉब कार्ड मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों या आधार विवरण से विसंगति के कारण समाप्त कर दिए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए। जॉब कार्ड निर्माण होते रहना चाहिए। मनरेगा में सतत सुधार व सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, बजट की कमियों को दूर किया जाना चाहिए, जवाबदेही निश्चित की जानी चाहिए, जाति आधारित भेदभाव दूर होना चाहिए, संपत्ति निर्माण पर जोर देना चाहिए व इसे कदाचार से भी मुक्त करना चाहिए। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर, जलदूत ऐप व लोकपाल ऐप अच्छी पहल हैं, इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मनरेगा को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जाना चाहिए। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए भी रोजगार गारंटी कार्यक्रम लाया जाना चाहिए।

# बाबा साहेब की कल्पनाओं को साकार करती मोहन सरकार



जयंती विशेष
क्रांतिदीप अलूने

डॉ. आंबेडकर ने समाज में समानता और सशक्तिकरण के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह मध्यप्रदेश में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो, इसके लिए राज्य सरकार लोक-कल्याण के व्यापक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ. आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करते हुए सुशासित प्रदेश की अवधारणा पर प्रदेश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहे हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में समान अवसर और समावेशी विकास की योजनाओं ने उसे एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य बना दिया है। मध्यप्रदेश डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

डॉ. आंबेडकर के चिंतन और संघर्ष का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और सम्मान के साथ सभी का खुशहाल जीवन था। मध्यप्रदेश में बड़ी आबादी अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डॉ. आंबेडकर की संकल्पना को साकार करते हुए राज्य सरकार वंचित और गरीब वर्गों के सर्वंगीण विकास और खुशहाल जीवन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संविधान दिवस (26 नवंबर) पर मध्यप्रदेश में निवेश लाने के लिए अपने यूके-जर्मनी दौरे के बीच लंदन में उस स्थान पर पहुंचे जहां 1920 के दशक में डॉ. आंबेडकर ने निवास किया था। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। दरअसल, भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक उद्घोषणा है, जो संविधान की मूल भावना, उद्देश्यों और आदर्शों को दर्शाती है। यह संविधान के उद्देश्यों की आधारशिला है। प्रस्तावना में समस्त नागरिकों के लिये सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का संकल्प दिखाया गया है और प्रदेश उन संकल्पों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है।

मध्यप्रदेश में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू में हुआ था और राज्य उनके विचारों को साकार करने वाली भूमि के रूप में पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जनकल्याणकारी कार्यों से यह सुनिश्चित किया है कि वंचित वर्गों के लिए संचालित कार्यक्रम और योजनाओं को डॉ. आंबेडकर की अपेक्षाओं के अनुरूप व्यवहारिक जीवन और नीति निर्माण में भी उतारा जाए। भारत एक कल्याणकारी राज्य है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों, विशेष रूप से गरीब वर्ग के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चिंतन के अनुरूप 'सबका साथ और सबका विकास' को बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की है कि डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. आंबेडकर शिक्षा को जीवन का सबसे ताकतवर हथियार मानते थे। उनके लिए शिक्षा सिर्फ व्यक्तिगत तरक्की का साधन नहीं अपितु सामाजिक परिवर्तन, समानता और न्याय का रास्ता थी। उन्होंने शिक्षा को दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के लिए मुक्ति का द्वार बताया था। उनका मानना था कि उच्च शिक्षा संस्थान वैज्ञानिक, शिक्षाविद, विचारक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करते हैं। अब डॉ. आंबेडकर से प्रेरणा लेकर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट विद्यार्थी निकल सकेंगे।

**पंच तीर्थ की यात्रा कराएगी सरकार:** महू में डॉ. आंबेडकर स्मारक के साथ कई अन्य स्थान भी हैं, जो उनके संघर्ष और योगदान को याद दिलाते हैं। यह स्थल पूरे देश के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत हैं। महू डॉ. आंबेडकर के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ



स्थल है। देश विदेश से लाखों लोग यहां पर आते है। मध्यप्रदेश सरकार डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृति में पंच तीर्थों उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उनका महा-परिनिर्वाण हुआ था, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इन पंच तीर्थों बाबा साहेब की जन्मस्थली महू, दीक्षा भूमि नागपुर, महा-परिनिर्वाण स्थली दिल्ली, चैत्य भूमि मुंबई और यूके के लंदन में स्थित पढ़ाई के समय का उनका निवास स्थल शामिल हैं, की यात्रा कराएगी।

सागर जिले के करीब ढाई सौ वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को प्रदेश का 25वां अभयारण्य घोषित किया है। संविधान के शिल्पकार डॉ. आंबेडकर के पर्यावरण संरक्षण के प्रति आग्रह को याद करते हुए अभयारण्य का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से रखा गया है। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। इस अभयारण्य से पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**प्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर ब्रिज डॉ. आंबेडकर के नाम:** सेतु केवल दो स्थानों को जोड़ने वाली संरचना नहीं होती बल्कि यह संपर्क, विकास और विश्वास का प्रतीक होता है। देश के हृदय प्रदेश की राजधानी भोपाल के हृदय-स्थल कहे जाने वाले महाराणा प्रताप नगर में बने प्रदेश के सबसे (2.73 किमी) लंबे फ्लाई-ओवर का नामकरण बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेकता में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है।

**डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना, किसान समृद्धि की नई पहल:** समता और समानता के पैरोकार रहे डॉ. आंबेडकर के नाम पर राज्य सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए 'डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना' को मंजूरी दी। पशुपालन और डेयरी, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, अपितु आधुनिक भारत में भी एक बड़ा आर्थिक क्षेत्र है। पशुपालन एवं डेयरी और डॉ. भीमराव आंबेडकर का संबंध मुख्य रूप से समाज के आर्थिक उत्थान और सामाजिक न्याय से जुड़ा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक और आर्थिक समानता की बात की और समाज के प्रत्येक वर्ग को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया। पशुपालन और डेयरी उद्योग को उन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा, विशेष रूप से दलित, जनजातीय और पिछड़े समुदायों के लिए।

डॉ. आंबेडकर ने समाज में समानता और सशक्तिकरण के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह मध्यप्रदेश में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो, इसके लिए राज्य सरकार लोक-कल्याण के व्यापक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ. आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करते हुए सुशासित प्रदेश की अवधारणा पर प्रदेश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहे है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में समान अवसर और समावेशी विकास की योजनाओं ने उसे एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य बना दिया है। मध्यप्रदेश डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

(लेखक उप संचालक जनसंपर्क, भोपाल हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आंबेडकर के सपनों को साकार करे राष्ट्र

विमर्श
डॉ. घनश्याम बादल



आंबेडकर का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। आंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। आंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे। उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वे विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। आज भी आंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है। आंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन आंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया, न जगजीवन राम और न कांशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को आंबेडकर में बदल पाए। आंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से दलित वर्ग भले ही खुश हो, मगर आंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे आंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैये एवं उनकी कथनी-करनी के अंतर का साफ पता चलता है। गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं। भीमराव आंबेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है। आंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही। तब भी जब आंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हें देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और जब उन्हें देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हें 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सिर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था। इतना ही नहीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया तब भी उनके इस निर्णय पर बहुत पैनी एवं कठोर मुद्रा वाली उंगलियां उठीं थी। दलितों के मसीहा भीमराव, आज़ाद हिंदुस्तान के गरीब,वंचित व दलित समाज के श्रद्धापात्र 'भीम' भारत के साथ ऐसे जुड़े हैं कि भीम और भारत को अलग करना संभव ही नहीं लगता है। आज डा. आंबेडकर के नाम से वोटों की फसल काटने वाले तो बहुत हैं पर उनके दिखाए रास्ते पर कम ही चलते हैं। इसी वजह से आंबेडकर का दलित-पिछड़ों के समन्वय का सपना आज भी अधूरा है। दलित अभी भी त्रस्त हैं और जब तक उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उनके लिए समाज के दूसरे वर्गों में सम्मान व बराबरी का भाव नहीं आ जाता, तब तक आंबेडकर का 'मिशन बराबरी' का स्वप्न पूरा नहीं होगा।

अंतिम समय में उन्होंने जातिगत आरक्षण का विरोध भी किया था। वे मानते थे एक बार आरक्षण की बैसाखी पर चलने की आदत होने पर दलित व पिछड़ा समाज हमेशा के लिए उसका आदी हो जाएगा और उसकी उन्नति की जमीन चालाक वर्ग हथिया लेगा और आज ऐसा ही हो रहा है। इसीलिए उन्होंने आरक्षण की अवधि केवल 15 वर्ष रखी थी लेकिन यह अगले 15 वर्षों में भी पूरे होते नहीं दिखते, खैर इन्हीं सीमाओं आलोचनाओं एवं सराहनाओं के बीच आंबेडकर के प्रति उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

जयंती विशेष
सुरेश पचौरी



# वे सामाजिक क्रांति के महानायक

मध्यप्रदेश की माटी के गौरव सपूत, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, समता मूलक समाज की स्थापना के प्रणेता और भारत के संविधान के निर्माता हैं। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्षों की ऐसी महागाथा है जिसने इंसानियत को सही अर्थों में समझा और मानवीय गरिमा को स्थापित कर इतिहास को गौरवान्वित किया। दलित समाज में मानवाधिकारों के प्रति चेतना जगाने में उनका विशेष योगदान है। दलित एवं कमजोर वर्गों के लिए उनका स्पष्ट संदेश थाः शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। डॉ. आंबेडकर राजनैतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र में बदलना चाहते थे। वे आर्थिक शोषण के खिलाफ संरक्षण को संविधान के मूलभूत अधिकारों के रूप में सम्मिलित करने के पक्षधर थे।

डॉ. आंबेडकर ने विश्व संविधानों के श्रेष्ठ मूल्यों, उन्नत प्रावधानों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप ढालकर भारतीय संविधान को वैश्विक संघर्षों एवं अनुभवों से समृद्ध किया। डॉ. आंबेडकर ने संविधान की रचना करते समय इस बात को बारीकी से ध्यान में रखा कि आजाद भारत जातियों, संप्रदायों में विभाजित हुए बिना एकजुट मानव समाज के रूप में अपनी विकास यात्रा तय करे। डॉ. आंबेडकर का जीवन एवं दर्शन सामाजिक एवं आर्थिक नवनिर्माण को सही दिशा देने का मूल मंत्र है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. आंबेडकर एक चिंतनशील पत्रकार थे। वे पत्रकारिता को सामाजिक न्याय का माध्यम मानते थे। उन्होंने कहा था- जैसे पंख के बिना पक्षी नहीं होते वैसे समाचार पत्र के बिना आंदोलन नहीं होते। डॉ. आंबेडकर



ने खुद भी 1920 में मूकनायक अखबार का प्रकाशन शुरू किया जिसके माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को राष्ट्रीय स्वर दिया। इसका असर यह हुआ कि अंग्रेजों की दलित समाज को हिंदू समाज से अलग करने की चाल विफल हुई। सामाजिक समरसता और समाज में बराबरी का भाव डॉ. आंबेडकर के चिंतन के केंद्र बिन्दु रहे लेकिन यह सिर्फ दलित या कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं था, उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, हिंदू समाज में बहुविवाह प्रथा पर रोक लगाने के हिंदू कोड बिल को लागू करवाने के लिए अथक प्रयास किए। यह उनके सिद्धांतों के प्रति दृढ़ता का परिचायक था कि हिंदू कोड बिल को पारित न होने पर उन्होंने कानून मंत्री के पद से स्तीफा दे दिया।समानता पर आधारित शोषणमुक्त समाज के निर्माण की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए उन्होंने 14 अक्टूम्बर 1956 को अपने अनुयायियों सहित बौद्ध धर्म अपनाया। नागपुर की पवित्र दीक्षाभूमि पर उन्होंने प्रतिज्ञा की कि मैं इस सिद्धांत को मानूंगा कि सभी मनुष्य एक हैं। मैं बौद्धधर्म के तीन तत्वों 1. ज्ञान 2. करूणा 3. शील के अनुरूप स्वंय को ढालूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने डॉ. आंबेडकर के जीवन और कृतित्व को चिरस्मरणीय बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। डॉ. आंबेडकर के जीवन से गहरे संबंध रखने वाले पांच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। ये पंचतीर्थ इस प्रकार हैं।

डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली, महूः डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली महू में उनकी स्मृति में भव्य स्मारक बनाया गया है एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महू में डॉ. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है।

शिक्षा भूमि, लंदनः डॉ. आंबेडकर ने लंदन में जिस इमारत में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की थी उसे खरीद कर, उस तीन मंजिला इमारत को अंतर्राष्ट्रीय सहअनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित किया है।

दीक्षा भूमि, नागपुरः डॉ. आंबेडकर ने नागपुर में जिस जगह बौद्ध धर्म को स्वीकार किया था, उस दीक्षा भूमि पर एक भव्य ग्रंथालय, शोध केंद्र और सभागार का निर्माण कराया गया है।

महापरिनिर्वाण भूमि, दिल्लीः दिल्ली के अलीपुर रोड पर वह बंगला स्थित है, जहां पर डॉ. आंबेडकर ने अंतिम सांस ली थी। इस स्थल पर एक स्मारक बनाया गया।

डॉ. आंबेडकर स्मारक, मुंबईः मुंबई के उस मकान में, जहां बाबा साहेब ने वर्षों तक निवास किया, वहां डॉ. आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाई गई तथा लगभग 13 हजार लोगों की क्षमता वाला विपश्यना हाल बनाया गया है। वे संपूर्ण मानवजाति के उद्धारक थे। उन्होंने धर्म और जाति से परे शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था और उसे साकार करने के लिए वे संकल्पबद्ध थे। हम भी इस नई चेतना से सार्थक पहल करें।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे हैं)

# 'भीम' के भावभूमि के भारत की चिंता



आंबेडकर जयंती
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

डॉ. आंबेडकर ने आज़ाद भारत के संविधान को सौंपते हुए जो चिंता व्यक्त की थी, वह पूंजीवादी लोगों के विकास के साथ सही साबित होने लगी है। आर्थिक रूप से विपन्न समाज सदैव अर्थहीन ही बनकर रह जाता है। डॉ. आंबेडकर ने जिस सामाजिक व्यवस्था के साथ लड़ाई लड़ी और आर्थिक बराबरी को समाज का हिस्सा बनाना चाहा, वही समाज सबसे ज्यादा चुनौतियों व उलझनों में फंसता जा रहा है। आज के कॉर्पोरेट कल्चर व पूंजीवादी व्यवस्थाओं ने नए तरीके से चुनौतियों को जन्म दिया है। डॉ. आंबेडकर जिस दौर में थे उन्हें अपने समाज की चिंता थी। उन्होंने जब भी मजदूरों के लिए संघर्ष किया या उनकी समस्याओं के लिए प्रतिरोध किया, वह दौर कुछ और था।

भारत निर्माण की बहस चल रही है। यह निर्मिति यदि पूंजी के दबाव में हाई-एलिट तबके के ही जीवन का उत्सव बन रही है तो निःसंदेह गरीब, गरीब बना रहेगा और अमीर, अमीर बनता जाएगा। यह समस्या भारत का मध्य-वर्ग तो झेल लेगा लेकिन देश में निम्न मध्य वर्ग और हाशिए के समाज की स्थितियों का क्या होगा, जिनका विकास अभी तक हो ही नहीं सका। पूंजीवादी सोच वाली सरकार कभी भी हाशिए के दुःख को समाप्त कर ही नहीं पाती। डॉ. आंबेडकर ने आज़ाद भारत के संविधान को सौंपते हुए जो चिंता व्यक्त की थी, वह पूंजीवादी लोगों के विकास के साथ सही साबित होने लगी है। आर्थिक रूप से विपन्न समाज सदैव अर्थहीन ही बनकर रह जाता है। डॉ. आंबेडकर ने जिस सामाजिक व्यवस्था के साथ लड़ाई लड़ी और आर्थिक बराबरी को समाज का हिस्सा बनाना चाहा, वही समाज सबसे ज्यादा चुनौतियों व उलझनों में फंसता जा रहा है।

आज के कॉर्पोरेट कल्चर व पूंजीवादी व्यवस्थाओं ने नए तरीके से चुनौतियों को जन्म दिया है। डॉ. आंबेडकर जिस दौर में थे उन्हें अपने समाज की चिंता थी। उन्होंने जब भी मजदूरों के लिए संघर्ष किया या उनकी समस्याओं के लिए प्रतिरोध किया, वह दौर कुछ और था। हो सकता है जिस रीति और व्यवस्था के खिलाफ थे, उसके खिलाफ वह प्रतिरोध किए, आज होते तो वह ज्यादा दुखी होते क्योंकि अब जो सामाजिक अवरसंरचना है वह ज्यादा ही हिंसक व बर्बर हो चुकी है। दलितों के तब के जीवन जातीय अभिजात्य व्यवस्था से पीड़ित थे। अब वही दलित जो विभिन्न संघर्षों के साथ झुग्गी झोपड़ियों से उठकर शहरी हो चुका है, उनके दर्द डॉ. आंबेडकर के लिए ज्यादा पीड़ा के विषय होते क्योंकि तब भी श्रमिक व मजदूर जिस तरह जीवन जी रहे थे, उनका विकास उस पैमाने पर कहां हुआ है? ज्यादा से ज्यादा वे गांव छोड़कर शहरी अछूत व्यवस्था के शिकार बन गए हैं। आज भी कितने प्रतिशत दलित समाज के लोगों ने अपने जीवन को सर्व सुख संपन्न बना लिया है? आज भी कितने दलित समाज के लोगों ने बहुत बड़ी उपलब्धियों को हासिल कर लिया है? जो कर भी लिए हैं वे दलित एलीट फील से कहां उबर रहे हैं। वे भी गांव में रह रहे अपने ही समाज को हेय दृष्टि से देखते हैं।

भारत में यह पूंजीवादी सोच जो कि संघर्ष करके ऊपर पहुंची आबादी है, उसमें जो घर कर गयी है, वे ही तो आज की पूंजीवादी सोच के पक्षकार बन गए हैं। वे भी तो कॉर्पोरेट कल्चर को सही साबित करने, उन्हें व्यवस्थित होने में सहयोग करने लगे हैं। वह तो केवल डॉ. आंबेडकर थे जो अपने जीवन की यातना को सबके समक्ष सच्चाई से रखते हैं और उस पूरी व्यवस्था को ललकारते हैं। आज का उसी समाज से उठा हुआ व्यक्ति कहां किसकी लड़ाई लड़ रहा है?

कहां वह प्रतिरोध कर रहा है? कहां वह सच्चे मन से डॉ. आंबेडकर की भाषा सच्चे व अच्छे लोगों के लिए बोलने को तैयार है? इस युग की सबसे बड़ी दरिद्रता यही है कि पूंजी का जो खेल चल रहा है उसमें संग्रह व सम्मान के लिए लोग मरे जा रहे हैं, उन्हें न डॉ. आंबेडकर सुध आते हैं और न ही उनके अन्त्यज्य जन। पूंजी ने सबके ऊपर अपना असर डाल रखा है। सभी बेसुध होकर किसी के पिछलग्गू बनकर देश में दलित




को दलित बने रहने का सिनेमा देखकर और उस पर कुछ प्रतिक्रिया देकर शांत होने वाले हैं। सच्चे तो केवल आंबेडकर थे। उन्होंने दलित समाज की दूर्दशा को सिनेमा के रूप में नहीं देखा बल्कि उन्होंने तो उस सच्चाई से जूझकर समान व्यवहार वाला समाज सौंपने का रिस्क उठाया। खेती-बाड़ी और गांव में बसने वाला आंबेडकर का आम आदमी आज भी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। 90 के दशक से ही बीटी कॉटन से कितने दलितों ने अपना जीवन खत्म कर लिया। ये आत्महत्या करने वाले गुजरात, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश व केरल के दलित किसान कॉर्पोरेट को अपने खेतों में आने से नहीं रोक सके और आत्महत्या कर ली। उन्हें शराबी बताया गया। उन्हें विभिन्न नशा व लत का शिकार बताया गया।

एक तो इन दलित व पिछड़े किसानों के पास जमीन होती नहीं। जिनके पास जमीन है, या जो बटाई पर जमीन लेकर कपास की खेती करते हैं, उन्हें बदले में फायदे तो नहीं मिले, उन्हें मौत ज़रूर मिली। डॉ. आंबेडकर के किसान निःसंदेह मौत के मुंह में जाने से खुद को नहीं बचा सके। पंजाब और दूसरे प्रान्तों में किसानों की समस्याओं की जड़ में जब आप जाएंगे तो पता चलेगा कि कोई कॉर्पोरेट की साजिश है। तब यह पता चलेगा कि इन किसानों की समस्या सरकार नहीं है बल्कि पूंजी है। पूंजी के प्रबंधन का है और इससे प्रभावित पॉलिसीज सरकार और किसान को एक-दूसरे का दुश्मन बनाए हुए है। डॉ. आंबेडकर की भावभूमि का भारत तो बहुत सुलझा हुआ था न कि आज की तरह उलझा हुआ था। वह जिस संविधान से अधिकारों के बच जाने और मिल जाने की उम्मीद किए हुए थे, वही तो नहीं मिल रहा है। पूंजीवाद ने भारतीय मार्जिनलाइज समाज को उलझा रखा है। यदि इसके लिए ही सरकारें और समाज का बौद्धिक तबका कार्य कर ले तो भी उनके उस समाज की रक्षा हो सकेगी जिसकी लड़ाई डॉ. आंबेडकर ने लड़ी। यह एक श्रृंखलाबद्ध तरीके से बड़ी चतुराई से पूंजीवादी समाज का शिकंजा आज कसा जा चुका है। डॉ. आंबेडकर ने जिस शिक्षा से वंचितों, शोषितों, दलितों और हाशिये के समाज के लिए भला सोचा था, वह भी तो अब कॉर्पोरेट ने हड़प लिया है।

सरकारी स्कूलों में अब केवल दलितों के बच्चों का एडमिशन होता है। जिन दलित समाज के पास पैसा होता है, वे तो कान्वेंट में अपने बच्चों का दाखिला करवा पाते हैं। सब पूंजी का खेल है। जो दलितों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने जाते हैं, उनके बारे में कहा जाता है कि ये बच्चे पेट भरने के लिए आते हैं, मिड डे मील के लिए आते हैं। इस प्रकार से इन बच्चों को अपमानित भी किया जाता है, यही है भारत का सच। आज के समय में जब तकनीकी विकास कर रही है, उसके पंख लग रहे हैं एआई से तो दूरदराज गांव में पढ़ रहे इन बच्चों की भी चिंता की जानी चाहिए। एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए जिससे सुदूर तक लाभान्वित करने वाली योजनाएं इनके संकटों व अवरोधों से मुक्ति दिला सके। आज डॉ. आंबेडकर के भारतीय नागरिकों की सच्ची ज़रूरतें पूरी करना ही भारत की आवश्यकता है। पूंजी का यह किला कैसे ढहेगा? पूंजीवादी समाज में हाशिए का समाज कैसे न्याय पाएगा? पूंजी के कुचक्र से मुक्ति का मार्ग कैसे मिले, इस पर हर भारतीय को सोचने की ज़रूरत है। वरना डॉ. आंबेडकर के भावभूमि के भारत को हम कभी बराबरी के तराजू पर रखकर वैयक्तिक व सामूहिक हित नहीं कर सकेंगे।

अपने विचार इस पते पर भेजें
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर' जारी

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है। इसमें वह सिख दूल्हा बने हैं। अब तक फिल्म के कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इससे पहले ईद और राम नवमी के मौके पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर बैसाखी के मौके पर रिलीज किया गया । नए पोस्टर में कपिल शर्मा एक सरदार बने हैं। उन्होंने हल्की गुलाबी रंग की शेरवानी और पगड़ी पहनी हुई है। उन्होंने गले में माला पहनी हुई है। कपिल के सामने उनकी होने वाली दुल्हन खड़ी है।

## लाइफ Style



# गौहर बॉस लेडी की तरह किया रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री गौहर खान ने 10 अप्रैल को ऐलान किया कि वह जैद दरबार के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रविवार को एक फैशन शो में गौहर खान ने रैंप वॉक करते हुए बेबी बंप फ्लॉन्ट किया है। वहां मौजूद लोगों ने उनके लिए तालियां बजाईं।

गौहर खान के रैंप वाक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गौहर खान हरे रंग की फैशन साड़ी पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल ज्वैलरी से कंपलीट किया है। साथ ही उन्होंने हाई पेंसिल हील पहनी हुई है। गौहर खान रैंप वॉक में बॉस लेडी की तरह लहरा के चली हैं। वह जब अपनी ड्रेस दिखा रही थीं इस दौरान कई यूजर ने उन्हें मुबारकबाद दी। गौहर खान लॉकडाउन के दौरान जैद दरबार से मिलीं। इसके बाद दोनों में प्यार हुआ। दोनों ने 2020 में शादी कर ली। 2023 में उन्होंने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। बच्चे का नाम जेहान है। 10 अप्रैल को गौहर खान ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर से सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह जैद के साथ नाच रही थीं। इस दौरान वह अपना फोन नीचे रखकर पीछे की ओर खिसकती हुई कैमरे के सामने अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'बिस्मिल्लाह। आपके दुआ और प्यार की जरूरत है। अपने प्यार से दुनिया को नचाएं।' काम की बात करें तो गौहर फिलहाल रवि दुबे और सरगुन मेहता की 'लवली लोला' में ईशा मालवीय के साथ मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# वह जो करे, अपनी मर्जी से करे...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अमेरिकन सिंगर निक जोनस से शादी करने के बाद हॉलीवुड में ही सेटल हो चुकी हैं। इनकी एक बेटी भी है। हाल ही में प्रियंका के पति निक जोनस ने एक शो में बताया कि वह अपनी बेटी के कॅरियर, फ्यूचर को लेकर क्या सोचते हैं? माता-पिता होने के नाते हम नहीं चाहते हैं कि मालती ऐसा वक्त देखे। यह हमारे लिए भी डरावनी बात होगी। हमारा काम अपने बच्चे को प्रोटैक्ट करना है। साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि वह जो करे, अपनी मर्जी से करे।



# 'डेज़्ड एंड कन्फ्यूज़्ड' से मिला था स्टारडम

**लॉस एंजिल्स।** 'डेज्ड एंड कन्फ्यूज्ड' फिल्म के एक्टर निकी कैट का 54 साल की उम्र में निधन हो गया है। हॉलीवुड स्टार 2000 के दशक की फॉक्स ड्रामा 'बोस्टन पब्लिक' में हैरी सीनेट और 2003 की 'स्कूल ऑफ रॉक' में रेजर के किरदार के लिए फेमस थे। निकी कैट को बतौर चाइल्ड एक्टर 1980 में 'फैंटेसी आइलैंड' के एपिसोड में पहला रोल मिला। उसके बाद उन्होंने फिल्म 'अंडरग्राउंड एसेस', और 'चिप्स' और 'वी' के एपिसोड में काम किया। हालांकि, रिचर्ड लिंकलेटर की 1993 की क्लासिक फिल्म 'डेज़्ड एंड कन्फ्यूज़्ड' में उनकी असाधारण भूमिका ने उन्हें स्टारडम की राह पर ला खड़ा किया। फिल्म और टीवी से दूर उन्होंने वीडियो गेम 'स्टार वार्सः नाइट्स ऑफ द ओल्ड रिपब्लिक II - द सिथ लॉर्ड्स' में एटन रैंड की आवाज दी।



# स्टेज पर 'छम्मक छल्लो' पर किया डांस...

**मुंबई।** हाल ही में करीना कपूर खान का कराची की एक रेव पार्टी का एआई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं. अब एक इवेंट से करीना की फिल्म का गाना 'छम्मक छल्लो' पर उनका डांस सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिस पर प्रशंसक अपनी लागातर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को करीना कपूर ने मुंबई के एक इवेंट में 'छम्मक छल्लो' गाने पर शानदार डांस किया। पारंपरिक कपड़ों में सजी करीना ने अपने हिट गाने के स्टेप्स दोहराए और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनका यह डांस वीडियो अब वायरल हो रहा है। करीना के इस वीडियो में पर उनके प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन', एक और फैन ने लिखा, 'कोई भी बेबो जैसी अदाएं नहीं दिखा सकती'।



# 14 साल छोटी गर्लफ्रेंड के साथ आए नजर

**मुंबई।** आमिर खान इन दिनों अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा में हैं। अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने ऐलान किया था कि वह गौरी स्प्रैट के साथ रिश्ते में हैं। इसके बाद वह कई बार अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ कई जगहों पर स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में गौरी स्प्रैट आमिर खान के साथ चीन में एक प्रोग्राम में नजर आईं। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में हाथ में हाथ डाले नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पर यूजर रिएक्शन दे रहे हैं।वायरल वीडियो पर कई यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने आमिर और उनकी गर्लफ्रेंड की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है 'आमिर खान हमें आपसे प्यार है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'ये स्टार है इसलिए मैरिज-मैरिज खेलते हैं।'

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में होंगे एल्विश यादव

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर खबर आई थी कि प्रोड्यूसर से शो से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन खबरों के बीच एल्विश यादव ने अपने नए ब्लॉग कुछ ऐसा कहा है कि जिसके उनके फैंस को लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा होंगे। एल्विश ने कहा कि वो किसी नई जगह जा रहे हैं और एक महीने तक वहीं रहेंगे। एल्विश यादव की इस बात को लेकर फैंस को लग रहा है वो खतरों के खिलाड़ी के शूट पर जा रहे हैं। एल्विश यादव ने एक व्लॉग पोस्ट किया है। वो गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं, मैं सिर्फ आज के लिए यहां र हूं, फिर निकल जाउंगा दूसरी जगह, तीसरी जगह। इस बार कोई नई जगह है, एक महीने के लिए वहीं हूं। काफी अच्छा प्रोजेक्ट है तुम्हारे भाई का, तो मजा आनेवाला है। इसके बाद व्लॉग में एल्विश अपनी मां से बात करते नजर आते हैं। वो अपनी मां से कहते हैं, बाय बाय, एक डेढ़ महीने के लिए गए हम। डेढ़ महीने के लिएन प्रोजेक्ट आ रहा है अपना बहुत बढ़िया। तो आशीर्वाद दे मां। डेढ़ महीने के लिए बाहर हूं मैं घर के, डेढ़ महीने के बाद ही दिखूंगा, पूरा करके उसको।' एल्विश यादव की इन्हीं बातों को फैंस से लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा हो सकते हैं।

## पराग और प्रेम का सुधरेगा रिश्ता बाप-बेटे लगाएंगे एक-दूसरे को गले


**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल में रविवार को प्रेम और पराग फिर एक बार साथ आ जाएंगे, लेकिन अब मुश्किल यह है कि प्रेम जहां अपनी मां ख्याति को कोठारी मेंशन में वापस चाहता है, तो वहीं आर्यन किसी भी सूरत में अपनी मां को उस छत के नीचे नहीं देखना चाहता। सीरियल की शुरुआत होगी रात को अनुपमा के ख्याति का खयाल रखने से। अगली सुबह जब पूरा परिवार साथ बैठकर बातें कर रहा होगा तब अनुपमा अपनी बेटी राही और प्रेम को सलाह देगी कि उन्हें वापस कोठारी निवास चले जाना चाहिए। अनुपमा कहेगी कि तुम्हारी मां यहां हमारे साथ सुरक्षित है, जिनसे तुम रोज मिल सकते हो, लेकिन तुम्हारे पिता और दादी के प्रति भी तुम्हारी जिम्मेदारियां हैं। अनुपमा समझाएगी कि कोठारी निवास में रहकर तुम अपने पिता और मां को दोबारा करीब ला सकते हो।



# आखिरी वक्त में किशोर कुमार ने मधुबाला से बना ली थी दूरी

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा जगत में बहुत कम लोग ऐसे रहे जो बहुत कम वक्त में ही सफलता के शिखर पर पहुंचे। मधुबाला उनमें से एक थीं। उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मधुबाला की जिंदगी जितनी सफल थी, उतनी ही दर्द से भरी भी। उन्हें देखकर कोई यकीन नहीं सकता था कि इस खूबसूरत और मुस्कुराते हुए चेहरे के पीछे इतना दर्द भरा होगा। मधुबाला के निधन के इतने सालों बाद आज पहली बार उनकी बहन, मधुर भूषण ने खुलासा किया कि कैसे एक घातक बीमारी ने उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खा लिया, और जब इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

***होती थी खून की उल्टियां :*** मधुबाला की बहन, मधुर भूषण ने फिल्मफेयर को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान मधुर ने बताया, 'मधुबाला की बीमारी का पहला लक्षण साल 1954 में तब सामने आया, जब अभिनेत्री बहुत दिन हुए की शूटिंग कर रही थीं। एक दिन, अभिनेत्री, जो केवल 20 साल की थी, अपने दांत ब्रश कर रही थी तभी उन्हें उसी समय खून की उल्टी होने लगी। उनकी हालत देखकर चिंतित दिलीप कुमार ने तुरंत मशहूर डॉ. रुस्तम जल वकील को मुंबई से बुलवाया। टेस्ट के बाद डॉ. रुस्तम ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि मधुबाला को वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष था या आम भाषा में कहें तो दिल में छेद था।'



***दुनिया से छुपाया बीमारी :*** उन्होंने बताया, 'मधुबाला को उस समय बीमारी का पता चला जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। उस वक्त उनके पास एक नहीं बल्कि कई प्रोजेक्ट्स थे। वो करियर में रुकना नहीं चाहती थीं। उन्होंने दुनिया से अपनी गंभीर बीमारी को छिपाते हुए काम करते रहने का फैसला किया। मधुबाला ने बीमारी के बावजूद खुद को पूरी तरह से काम में डुबो दिया। इस दौरान उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' में 'अनारकली' जैसी कई फिल्मों की शूटिंग पूरी की। कई बार वो सेट पर बेहोश जो जाती थीं, लेकिन इस मानसिक की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी।

# बॉक्स ऑफिस पर 'जाट' ने दिखाई ताकत

**मुंबई।** सिनेमाघरों में इन दिनों कई बड़ी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने शानदार वापसी की, तो कुछ अब भी रफ्तार पकड़ने की जद्दोजहद में हैं। सनी देओल की 'जाट', अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। वहीं, सलमान खान की 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में नजर आई। सनी देओल की 'जाट'ने शनिवार को शानदार उछाल दर्ज किया। फिल्म ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपए की कमाई की, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 26.5 करोड़ रुपए हो गया है। 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में सनी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रहा हैं। पहले दिन नौ करोड़ 50 लाख रुपएऔर दूसरे दिन सात करोड़ की कमाई के बाद शनिवार का यह उछाल फिल्म के लिए राहत की खबर है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने भी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। फिल्म ने 18.5 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन अब 62.75 करोड़ रुपए हो गया है। 190 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 28.5 करोड़ और दूसरे दिन 13.5 करोड़ रुपए कमाए थे। अजित का स्टाइलिश एक्शन और कहानी का रोमांच दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहा है। शनिवार की कमाई ने साबित कर दिया कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, अपने बजट को पार करने के लिए इसे अभी और मेहनत करनी होगी।



# 'गरम हवा' में मुस्लिम किरदार निभाने के लिए याद किए जाते हैं बलराज साहनी, नहीं देख पाए थे अभिनय

*नई दिल्ली। 'धरती के लाल', 'दो बीघा जमीन' और 'गरम हवा' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता बलराज साहनी की रविवार को पुण्यतिथि थी। वह अपनी एक फिल्म में मुस्लिम का किरदार निभाने के लिए सबसे ज्यादा याद किए जाते हैं, लेकिन वह खुद ये फिल्म नहीं देख सके थे।*



## पढ़ाई के बाद संभाला खानदानी कारोबार


बलराज साहनी एक मई 1913 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के रावलपिंडी में पैदा हुए। बलराज साहनी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लाहौर के सरकारी स्कूल में पूरी की। साहनी ने हिंदी में स्नातक किया। उन्होंने लाहौर से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी अपना खानदानी कारोबार संभालने के लिए रावलपिंडी गए।

## बलराज साहनी की उपलब्धियां...

- बलराज साहनी ने पटकथा लेखन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 1951 की फिल्म 'बाजी' लिखी जिसमें देव आनंद मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन गुरु दत्त ने किया था।
- बलराज साहनी ने बॉलीवुड के अलावा पंजाबी फिल्म 'नानक दुखिया सब संसार' (1970) और 'सतलुज दे कंडे' में काम किया।
- बलराज साहनी उन कलाकारों मे शामिल हैं, जिन्होंने पद्मिनी, नूतन, मीना कुमारी, वैजयंती माला और नरगिस के साथ काम किया।
- नई पीढ़ी बलराज साहनी को उनके गाने 'ऐ मेरी जोहरा जबीं' के लिए याद करती है। ये गाना 'वक्त' (1965) फिल्म का है।

## सात साल के बाद बॉलीवुड में मिली पहचान

बलराज साहनी हमेशा से अभिनय करना चाहते थे। उन्होंने 'इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। लंदन से लौटने के बाद साल 1946 में बलराज साहनी ने बॉलीवुड की फिल्म 'इंसाफ' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म 'धरती के लाल' और 'दूर चलें' में नजर आए। ये साल 1953 था जब बलराज साहनी ने बिमल राय की फिल्म 'दो बीघा जमीन' में काम किया। इस फिल्म से उन्हें काफी शोहरत मिली। फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड दिया गया। बलराज साहनी की दूसरी मशहूर फिल्मों में 'काबुलीवाला' और 'वक्त' है।



## इस रोल के लिए सबसे ज्यादा किए जाते हैं याद

बलराज साहनी ने फिल्म 'गरम हवा' में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक मुस्लिम का किरदार निभाया जो विभाजन के दौरान पाकिस्तान जाने से इंकार कर देता है। साहनी के इस रोल को लोगों ने खूब सराहा। हैरत की बात यह है कि बलराज साहनी इस फिल्म को नहीं देख सके। फिल्म की डबिंग का काम खत्म करने के अगले दिन ही उनका देहांत हो गया।

## शादी और परिवार

बलराज साहनी की पहली शादी साल 1936 में दमयन्ती साहनी से हुई थी। साल 1947 में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। साल 1951 में उन्होंने संतोष चंडोक से दूसरी शादी की। बलराज साहनी और दमयन्ती साहनी से एक बेटा परीक्षित साहनी हैं। परीक्षित साहनी भी बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। हिंदी के बेहतरीन लेखक भीष्म साहनी, बलराज साहनी के भाई हैं। भीष्म साहनी ने कई नाटक लिखे और अभिनय भी किया।



# अंतरिक्ष में ऐसे बीतता है आम दिन, स्पेस में 340 दिन लगातार रहने वाले यात्री ने क्या बताया?

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

हाल ही में भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की 286 दिनों बाद धरती पर सकुशल वापसी हुई थी। स्पेस में इतने दिन गुजारने के बाद उनकी सेहत को लेकर कई तरह की चिंताएं सामने आईं। इस दौरान लोगों के मन में कई तरह के सवाल भी उठें। अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में अपना दिन कैसे बिताते हैं? वह वहां किस तरह के कार्य करते हैं? क्या उन्हें कोई छुट्टी मिलती है? वह कब सोते हैं और कैसे? इन सब सवालों के जवाब दिए हैं स्कॉट केली ने। स्कॉट केली इस क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। स्कॉट केली का जन्म 21 फरवरी 1964 को अमेरिका में हुआ था। केली चार बार अंतरिक्ष की यात्रा पर जा चुके हैं। उनके नाम लगातार 340 दिनों तक स्पेस में रहने का भी रिकॉर्ड है। उन्होंने लगभग 520 से ज्यादा दिन अंतरिक्ष में गुजारे हैं।



### अंतरिक्ष स्टेशन पर जीवन को लेकर रोचक बातें साझा की

नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री और रिटायर्ड अमेरिकी नेवी कैप्टन स्कॉट केली ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जीवन को लेकर रोचक बातें साझा की हैं। उन्होंने बताया है कि अंतरिक्ष में एक आम दिन कैसा होता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'आईएसएस पर एक सामान्य दिन जीएमटी के समय के हिसाब से ही चलता है। आप आम तौर पर सुबह छह बजे उठते हैं। फिर आपको कुछ रिसर्च करने होते हैं। इसमें खुद के मेडिकल सैंपल लेने होते हैं। इसके बाद सुबह की गतिविधियों को जल्दी से निपटाया जाता है, जैसे नहाना, अपने शरीर पर गंदगी को वॉशक्लॉथ से साफ करना और नाश्ता करना।'

### करनी होती है खूब सारी एक्सरसाइज

उन्होंने आगे वहां होने वाले कामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया, 'और फिर अगले 12 घंटे हमें साइंटिफिक रिसर्च करने, कुछ चीजों की देखरेख और फिर हार्डवेयर को ठीक करने की जिम्मेदारी दी जाती है। वहां खूब सारी एक्सरसाइज भी करनी होती है। और फिर दिन के अंत में, रात के खाने के समय, शाम के सात बजे, अगले दिन की योजना के बारे में बात करने के लिए ग्राउंड के साथ एक कॉन्फ्रेंस करते हैं। फिर रात का खाना खाते हैं और फिर आराम का समय होता है।'



### स्पेस में यात्रियों को मिलता है वीक ऑफ

स्कॉट पेली ने आगे बताया कि स्पेस में यात्रियों को वीक ऑफ भी मिलता है, लेकिन यह सिर्फ एक दिन का होता है। केली ने बताया, 'कभी-कभी हमारी रोजाना की दिनचर्या स्पेसवॉक या रोबोटिक्स गतिविधियों जैसी चीजों से बाधित होती है। लेकिन, आमतौर पर अधिकांश दिन अंतरिक्ष स्टेशन पर सामान को ठीक करने या रखरखाव करने में भी बीतता है।' केली ने क्रू के शेड्यूल का उल्लेख करते हुए बताया, 'आमतौर पर हमें एक दिन की छुट्टी मिलती है।'

## ● रोचक खबरें

## 4 करोड़ रुपए में 500 मगरमच्छ नीलाम कर रही कोर्ट, पर नहीं मिल रहा ग्राहक



**बीजिंग।** अदालत न्याय सुनाती है, पर क्या आपने कभी कोर्ट को कोई सामान नीलाम करते देखा है? ऐसा अजीबोगरीब मामला चीन में देखने को मिल रहा है। यहां पर एक कोर्ट सामान नीलाम करना चाह रही है। सामान भी ऐसा, जिसे हर कोई नहीं खरीदना चाहेगा। ये सामान जीते-जागते मगरमच्छ हैं। वो भी 1-2 नहीं, बल्कि 100 टन! जी हां, चीन की एक कोर्ट 100 टन मगरमच्छ नीलाम करना चाहती है, पर समस्या ये है कि उन्हें कोई ग्राहक ही नहीं मिल रहा है। इससे पहले कोर्ट 2 बार मगरमच्छों को नीलाम करने की नाकाम कोशिश कर चुकी है। एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार शेनजेन नैनशेन पीपल्स कोर्ट ने 200 से 500 मगरमच्छों की नीलामी की घोषणा की है जो करीब 100 टन के हैं। वो ये मगरमच्छ 5,50,000 डॉलर यानी करीब 4 करोड़ रुपयों में बेच रही है।

### नीलाम हो रहे 100 टन मगरमच्छ


ये सारे मगरमच्छ गुआंगडॉन्ग हॉन्गाई क्रोकोडाइल इंडस्ट्री कंपनी के थे। कंपनी की आर्थिक स्थिति बिगड़ने की वजह से उसे अपनी सारी संपत्तियों को नीलाम कर के कर्ज चुकाना पड़ा। इनमें मगरमच्छ भी शामिल थे। ये सारे ही सियामी मगरमच्छ हैं, जिन्हें चीन में 100 से ज्यादा सामानों के उत्पाद के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मेकअप से लेकर वाइन तक इस लिस्ट में शामिल हैं। चीन में इनकी कमर्शियल फार्मिंग और ट्रेडिंग भी होती है।

### कोर्ट ने रखी कुछ शर्तें

अब सवाल ये उठ रहा है कि अगर मगरमच्छ इतने फायदे के हैं, तो इन्हें कोई खरीद क्यों नहीं रहा है? दरअसल, कोर्ट इन मगरमच्छों की हैडलिंग या शिपिंग के लिए पैसे नहीं देगी।

## कौन है ये वकील? जो अपने बर्थडे पर अजनबियों को देगा साढ़े 8 करोड़ रुपए

**वॉशिंगटन।** एक मशहूर वकील ने अपने जन्मदिन को खास अंदाज में मनाकर सोशल मीडिया पर सनसनी फैला दी है। शख्स ने ऐलान किया है कि वह चकाचौंध वाली लैविश पार्टियों से ऊब चुका है, इसलिए उसने अजनबियों को 1 मिलियन डॉलर (यानि साढ़े 8 करोड़ रुपए से अधिक) देकर समाज को कुछ लौटाने का फैसला किया है। यहां बात हो रही है टेक्सास के मशहूर वकील थॉमस जे हेनरी की, जिन्होंने इंस्टाग्राम पर कई पोस्ट के जरिए की घोषणा की है। उनके मुताबिक, यह टेक्सास के लोगों को बड़े पैमाने पर गिवअवे देने का एक राज्यव्यापी अभियान है। वकील हेनरी के अनुसार, 7 अप्रैल से यह अभियान शुरू हो चुका है। हम हर हफ्ते अजबनबियों को $25,000 (यानि लगभग 22 लाख रुपए) दे रहे हैं। इसका मतलब ये हुआ कि हर हफ्ते पांच विजेताओं को $5,000 (यानि लगभग 4.33 लाख रुपये) मिलेंगे। वहीं, दिसंबर में दो विजेताओं को ग्रैंड प्राइज मनी के तौर पर प्रत्येक को $100,000 (यानि 8.65 करोड़ रुपए से अधिक) मिलेंगे।



## विदेश में चीनी रेस्टोरेंट की गंदी करतूत भूनी बत्तख बताकर खिला रहे थे ये चीज

**मैड्रिड।** चीन के लोग दुनिया को धोखा देने में माहिर होते हैं, ये चाहे दुनिया के किसी भी कोने में चले जाए मुनाफे के लिए दूसरों को ठगना नहीं छोड़ते। इसी से जुड़ी एक हैरान करने वाली कहानी स्पेन से सामने आई है। जहां एक रेस्टोरेंट ने भूना हुआ बत्तख बताकर अपने ग्राहकों को अजीबोगरीब चीज खिला दी। कई बार ऐसा होता है कि रेस्टोरेंट वाले कुछ चीजें एकदम जुगाड़ पर चलाने को तैयार रहते हैं। ऐसा सिर्फ अपने इंडिया में नहीं, बल्कि विदेशों में भी बराबर देखने को मिलता है। जिसके किस्से आए दिन लोगों के बीच चर्चा में बने रहते हैं। ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों स्पेन की राजधानी मैड्रिड से सामने आई है। जहां एक लोकल पुलिस ने छापा मारकर एक चाइनीज रेस्टोररेंट को बंद करवा दिया। इसके पीछे की कहानी जब लोगों के सामने आई है तो हर कोई हैरान रह गया और यही कहने लगा कि प्रशासन ने सही कदम उठाया है।



**सड़क से उठाता था कबूतरों को :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये चीनी रेस्टोरेंट सड़क से कबूतरों को उठाता था और उन्हें ग्राहकों को भूने हुए बत्तख के रूप में बेच देता था। इनके यहां जब छापा लगा तो इनकी रसोई में गंदगी काफी ज्यादा देखने को मिली। इसके साथ ही वहां कबूतर और अन्य प्रतिबंधित समुद्री जीवों का मांस मिला बरामद हुआ। इसके अलावा उन्हें ये पता चला कि रेस्टोरेंट वाले सड़क से कबूतरों को पकड़ते थे और उनके पंख नोचकर नमक-मिर्च मसाला डालकर कस्टमर को सर्व कर देते थे और उन्हें ये बताते थे कि ये एक पारंपरिक चाइनीज डिश है।

**भारत के भूगर्भीय भविष्य को लेकर की गई एक गंभीर चेतावनी**

## बार-बार आ सकते हैं महाविनाशक भूकंप

# भारतीय महाद्वीप के दो हिस्सों में टूटने का खतरा

एजेंसी ⏭ लंदन

फर्ज कीजिए, एक विशाल जमीन का टुकड़ा, जो पिछले लाखों सालों से स्थिर है, वो अचानक अंदर से टूटने लगे। ये कोई साइंस फिक्शन कहानी नहीं है, बल्कि भारत के भूगर्भीय भविष्य को लेकर की गई एक गंभीर चेतावनी है। हाल ही में भूवैज्ञानिकों ने संकेत दिए हैं कि भारतीय प्लेट दो हिस्सों में विभाजित हो रही है, जिससे हिमालय क्षेत्र में बड़े भूगर्भीय परिवर्तन हो सकते हैं। हाल ही में की गई स्टडी से पता चला है कि भारतीय प्लेट दो भागों में विभाजित हो रही है, जो इस क्षेत्र के भूवैज्ञानिक स्थिति को हमेशा के लिए एक नया आकार दे सकती है। अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन में प्रकाशित एक लेख में इस अभूतपूर्व खोज को लेकर जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि इस भूभाग में प्लेट अलग हो रही है और पृथ्वी के मेंटल में डूब रही है। इस स्टडी रिपोर्ट में भारतीय महाद्वीप में आने वाले भूकंप और खतरों को लेकर कई अहम जानकारियां दी गई हैं।



### धीरे-धीरे होते हैं भूगर्भीय परिवर्तन

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के भूभौतिकीविद् साइमन क्लेम्परर ने कहा कि 'हिमालय टकराव क्षेत्र जैसे हाई कंप्रेशन वाले क्षेत्रों में टेक्टोनिक प्लेटें अक्सर कई दरारें दिखाती हैं। ये दरारें पृथ्वी की पपड़ी में तनाव निर्माण को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे भूकंप का जोखिम बढ़ जाता है।' आपको बता दें कि हिमालय क्षेत्र पहले से ही भूकंपीय गतिविधियों के लिए जाना जाता है। डेलैमिनेशन की प्रक्रिया इस क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा सकती है, जिससे ज्यादा तीव्र और बार-बार भूकंप आ सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रक्रिया तिब्बती पठार में गहराई से दरारें उत्पन्न कर सकती है। हालांकि यह खोज काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अभी सिर्फ एक प्रारंभिक संकेत है। अभी और शोध की आवश्यकता है ताकि इस प्रक्रिया के लंबे समय तक पड़ने वाले प्रभावों को पूरी तरह समझा जा सके।

### तिब्बती झरनों में भूकंप की तरंगों

इस स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय प्लेट, जो लगभग 60 मिलियन वर्षों से यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है, वो अब एक नई प्रक्रिया से गुजर रही है, जिसे 'डेलैमिनेशन' कहा जाता है। इस प्रक्रिया में प्लेट का घना निचला हिस्सा पृथ्वी के मेंटल में समा रहा है, जिससे प्लेट के भीतर एक लंबवत दरार उत्पन्न हो रही है। तिब्बती झरनों में भूकंप की तरंगों और हीलियम समस्थानिकों का विश्लेषण करने के बाद इस घटना के बारे में पता चला है, जिससे प्लेट में एक ऊर्ध्वाधर दरार का पता चला, जिसके बारे में वैज्ञानिकों को पहले जानकारी नहीं मिल पाई थी।

### पृथ्वी के गर्भ में छिपा ये खतरा कैसा है?

आपको बता दें कि डेलैमिनेशन एक भूगर्भीय प्रक्रिया है जिसमें टेक्टोनिक प्लेट का निचला हिस्सा अलग होकर मेंटल में समा जाता है। यह प्रक्रिया प्लेट की स्थिरता को प्रभावित कर सकती है और क्षेत्र में भूकंप की संभावना बढ़ा सकती है। यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी के भूगर्भशास्त्री डौवे वैन हिंसबर्गेन ने कहा है कि 'हमें नहीं पता था कि महाद्वीप इस तरह से व्यवहार कर सकते हैं, और यह ठोस पृथ्वी विज्ञान के लिए बहुत ही मौलिक है।' उन्होंने कहा कि 'यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताती है कि न सिर्फ प्लेट की सतह पर अलग-अलग मोटाई और विशेषताएं हैं, बल्कि टेक्टोनिक शिफ्ट को ऑपरेट करने वाली अंदरूनी प्रक्रियाएं पहले से समझी गई तुलना में कहीं ज्यादा जल्दी से बदल रही हैं और इसे समझना काफी ज्यादा मुश्किल है।'

## भारत को अंतरिक्ष तक पहुंचा चुकी हैं 'रॉकेट वुमन ऑफ इंडिया', चंद्रयान मिशन को किया था लीड

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो की साइंटिस्ट और एयरोस्पेस इंजीनियर डॉक्टर ऋतु करिधल को देशभर में 'रॉकेट वुमन ऑफ इंडिया' कहा जाता है। भारत के कई स्पेस मिशन में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है। 13 अप्रैल 1975 में जन्मीं ऋतु करिधल आज अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं. वह साल 1997 से ही ISRO से जुड़ी है। चलिए जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें।

**भारत को अंतरिक्ष तक पहुंचाया :** ऋतु करिधल ने ISRO के चंद्रयान 3 मिशन में प्रमुख वैज्ञानिक के तौर पर भूमिका निभाई थी। इस मिशन की कमान उन्हीं के हाथों में थी। वह साल 2014 में मार्स ऑर्बिटर मिशन की ऑपरेशन की डेप्यूटी डायरेक्टर रह चुकी हैं। भारत को अंतरिक्ष तक पहुंचाने में ऋतु का काफी योगदान रहा है।

**लखनऊ से की पढ़ाई :** ऋतु करिधल का जन्म 13 अप्रैल साल 1975 में लखनऊ में हुआ था. उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से B.SC और M.SC की पढ़ाई की, जिसके बाद उन्होंने पीएचडी भी किया। ऋतु करिधल की बचपन से ही स्पेस में रुचि थी. इसलिए उन्होंने अपना भविष्य भी अंतरिक्ष में ही बनाया। इसके लिए उन्होंने बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान) से अपनी पढ़ाई पूरी की।



### कई बार हुईं सम्मानित

डॉक्टर ऋतु करिधाल को साल 2007 में एडीजे अब्दुल कलाम से इसरो युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।इसके साथ ही उन्हें साल 2024 में उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर उन्हें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। ऋतु करिधाल ने मंगलयान के मंगल ऑर्बिटर मिशन की सफलता के बारे में टीईडीएक्स पर भी बताया है। उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्टरेट की उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

## अनोखी पंरपरा : शादी के लिए चुरानी पड़ती है दूसरे की पत्नी

**लंदन।** दुनिया के कई देशों में आज भी लोग अजीबोगरीब रीति रिवाजों और पंरपराओं का पालन करते हैं। जनजातियां और आदिवासी प्रजातियां अपनी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए दुनियाभर में जानी जाती हैं। शादी को लेकर हर जगह लोगों की अपनी-अपनी मान्यताएं और रीति रिवाज होते हैं। लेकिन आज हम आपको अपनी इस खबर में एक ऐसी परंपरा को बारे में बताएंगे, जिसके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। पश्चिमी अफ्रीका में एक ऐसी जनजाति रहती है, जो एक अजीबोगरीब पंरपरा का पालन करती है। इस जनजाति शादी करने के लिए किसी दूसरे की पत्नी को चुराना पड़ता है। यहां पर परंपरा की वजह से लोग एक-दूसरे की पत्नियों को चुराकर शादी करते हैं। इस अनोखे रस्म और रिवाज से जुड़ी बातों के बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन यह सच है।



### दूसरी शादी करने का रिवाज है अनोखा

दरअसल, पश्चिमी अफ्रीका में रहने वाली इस जनजाति का नाम वोदाब्बे है। इस जनजाति के लोग एक-दूसरे की पत्नियों को चुराकर शादी करते हैं। इस तरह की शादी वोदाब्बे जनजाति के लोगों की पहचान है। इस जनजाति के लोगों में एक-दूसरे की पत्नी को चुराने की अनोखी परंपरा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जनजाति के लोग पहली शादी घर अपने परिवार के लोगों की मर्जी से करते हैं, लेकिन दूसरी शादी करने का रिवाज थोड़ा अनोखा है।

### तरह-तरह की गतिविधियों से रिझाते हैं दूसरे की पत्नियों को

इस जनजाति के लोगों के बीच हर साल एक फेस्टिवल का आयोजन होता, जिसका नाम गेरेवोल फेस्टिवल है। इस आयोजन के दौरान लड़के सज-धज कर अपने चेहरे को रंग लेते हैं। इसके बाद सामूहिक आयोजन में डांस और तरह-तरह की गतिविधियों से दूसरे की पत्नियों को रिझाते हैं। हालांकि, इस दौरान यह ख्याल रखा जाता है कि उसके पति को इस बात की जानकारी न हो। इसके बाद अगर कोई महिला दूसरे पुरूष के साथ भाग जाती है तो उस समुदाय के लोग दोनों को ढूंढकर उनकी शादी करा देते हैं।

**अद्भुत** | अमेरिका के टेक्सस में स्थित यह पेट्रोल पंप एक मॉल जैसा अनुभव देता है

# दुनिया का सबसे बड़ा पेट्रोल पंप, जहां 120 कारों में एक साथ डलता है फ्यूल

**न्यूयार्क।** पेट्रोल भरवाना ज्यादातर लोगों के लिए एक साधारण काम है, जो लंबी ड्राइव से पहले करना पड़ता है। आमतौर पर शहरों में मौजूद पेट्रोल स्टेशनों पर 8-10 पंप ही होते हैं, जिससे गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे पेट्रोल पंप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। अमेरिका के टेक्सस में स्थित यह पेट्रोल पंप एक मॉल जैसा अनुभव देता है, जहां रुकना किसी सैर से कम नहीं है। टेक्सस के लूलिंग शहर में बना ये पेट्रोल पंप बक-ईज़ का है, जो ऑस्टिन से करीब 47 मील दूर है। इस फ्यूल स्टेशन की खासियत सुनकर आप चौंक जाएंगे। यहां 120 पेट्रोल पंप हैं और ये 75,000 स्क्वैयर फीट से ज्यादा बड़ा है। हाल ही में एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर टॉड ने इस पेट्रोल पंप का दौरा किया। वो वहां जो देखकर आए, उसने उनके होश उड़ा दिए।



टॉड ने बताया, 'यहां 120 पेट्रोल पंप एक लाइन में लगे हैं और अंदर जाते ही एक विशाल स्टोर है, जिसमें मिठाइयां, बेकरी, मर्चेंडाइज और दुनिया भर में मशहूर साफ टॉयलेट्स हैं। यहां एक स्मोक्ड मीट सेक्शन भी है, जहां ताजा ब्रिस्केट तैयार होता है।' टॉड ने यहां के खाने की तारीफ में जमकर बातें कीं। उन्होंने सबसे पहले थी मीट बन ट्राई किया। बाहर से ये साधारण सा लगता था, लेकिन स्वाद ने उन्हें हैरान कर दिया। टॉड ने कहा, 'ये देखने में थोड़ा फीका लगता है, लेकिन एक पेट्रोल स्टेशन के लिए मीट का स्वाद शानदार था।

### बक-ईज़ के 50 स्टोर

बक-ईज़ सिर्फ पेट्रोल पंप नहीं है, बल्कि एक गजब का अनुभव देने वाली जगह है। यहां टेक्सस बारबेक्यू, घर का बना फज, बीवर नगेट्स, जर्की और ताजा पेस्ट्रीज मिलती हैं। अमेरिका में बक-ईज़ के 50 स्टोर हैं, जिनमें से 35 टेक्सस में हैं और ये अपने विशाल और साफ बाथरूम के लिए भी मशहूर हैं। टॉड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की।

**आसान नहीं यहां पहुंचना**

## कभी देखा है 'लाल समुद्र तट'? कहलाता है धरती का स्वर्ग



**लंदन।** क्या आपने कभी 'लाल समुद्र तट'देखा है? नहीं? तो चलिए आज आपको बताते हैं एक ऐसी जगह के बारे में, जो किसी सपने जैसी लगती है। यहां की रेत लाल है, पानी चमकता है और चारों तरफ हरियाली की चादर बिछी हुई है। इस जगह को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाए तो कुछ गलत नहीं होगा। हम बात कर रहे हैं इंग्लैंड के साउथ डेवॉन के टोरबे तट पर बसे ब्रॉडसैंड्स बीच की, जो अपनी अनोखी सुंदरता और शांत वातावरण के कारण आज भी 'यूके' का बेस्ट सीक्रेट' कहा जाता है।

ब्रॉडसैंड्स बीच अपनी लंबी और लाल रेत के लिए जाना जाता है, जो दो चट्टानी हेडलैंड्स के बीच फैली हुई है, जिसे 'इंगिल्श रिवेरा' भी कहा जाता है। यह तट 'ब्लू फ्लैग' का दर्जा प्राप्त कर चुका है, जो कि समुद्र तट की सफाई, सुरक्षा और खासियत के लिए दिया जाता है। इतना ही नहीं, इसे 'समुद्र तट पुरस्कार' से भी नवाजा गया है। इस बीच की एक और खास बात है जहां दूसरे मशहूर समुद्र तटों पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती, वहीं ब्रॉडसैंड्स बीच पर आपको भरपूर स्पेस और बहुत सारा सुकून मिल जाएगा।

### भूल जाते हैं हर थकान को

ब्रॉडसैंड्स बीच की एक और खास बात है यहां की लंबी प्रोमेनेड, जिसके किनारे लगी होती हैं रंग-बिरंगी बीच हट्स। इन्हें आप दिनभर के लिए किराए पर ले सकते हैं। इसके अलावा, यह जगह कोस्टल विल्क के लिए भी बेहतरीन है। ऊंची चट्टानों से नीचे उतरने के बाद जब आप इस लाल समुद्र तट पर पहुंचते हैं, तो हर थकान भूल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां आपको सुंदर पक्षी, डॉल्फिन, सील और कई तरह की मछलियां भी देखने को मिल जाएंगी जो आपका मन मोह लेंगी।

### ऊंची-नीची चट्टानों से होकर पड़ता है नीचे उतरना

हालांकि, इस स्वर्ग तक पहुंचना इतना आसान नहीं है। समुद्र तट तक पहुंचने के लिए यात्रियों को ऊंची-नीची चट्टानों से होकर नीचे उतरना पड़ता है। कुछ हिस्सों में हैंडरेल्स जरूर लगे हैं, लेकिन जिन लोगों को चलने में परेशानी होती है, उनके लिए यह रास्ता थोड़ा कठिन हो सकता है। अच्छी बात यह है कि यहां एक बड़ा कार पार्किंग एरिया है, जो सीधा प्रोमेनेड तक ले जाता है। ब्रॉडसैंड्स बीच लंदन से लगभग 220 मील दूर है।